www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 28.c

27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 101.755g

चांदी 110,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 भविष्य की आधारशिला रखने वाला मिशन एक्सिओम-4

टैंकर ने 7 को रौंदा, 3 की मौत: कार सवार कैंचीधाम जा रहे थे 04

वर्ष :09 | अंक :07 | मुंबई ,शनिवार , 28 जून 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

# जगन्नाथ रथ यात्रा में उमड़ा भक्तों का सैलाब

## पुरी में रथ यात्रा रुकी, आज फिर शुरू होगी:आज बलभद्र-सुभद्रा के रथ खींचे गए, एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए ह्यूमन चेन बनाई

**जगन्नाथ रथ यात्रा**

ओडिशा सरकार ने भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के लिए व्यापक बंदोबस्त किए हैं और शुक्रवार को इसमें भाग लेने के लिए लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

एजेंसी

पुरी में से शुरू होने वाले वार्षिक उत्सव जगन्नाथ रथ यात्रा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं। जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ स्वैन और पुलिस अधीक्षक विनीत अग्रवाल ने सुरक्षित और व्यवस्थित आयोजन की गारंटी के लिए योजना बनाने के प्रयासों पर अपडेट साझा किए। ओडिशा सरकार ने भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के लिए व्यापक बंदोबस्त किए हैं और शुक्रवार को इसमें भाग लेने के लिए लाखों श्रद्धालु पुरी पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम तक करीब एक लाख लोग पुरी पहुंच चुके थे और आज सुबह यह संख्या कई गुना बढ़ गयी। उन्होंने बताया कि देशभर और विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के इस रथ यात्रा में भाग लेने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। रथ यात्रा के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे भारत भर के कुछ राज्यों में, शुक्रवार, 27 जून, 2025 को रथ यात्रा के अवसर पर बैंक बंद रहेंगे, जो एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। इसके बाद चौथा शनिवार (28 जून) और रविवार (29 जून) होगा, जो देश भर के अधिकांश बैंकों के लिए मानक गैर-कार्य दिवस हैं। नतीजतन, इन प्रभावित राज्यों में लगातार तीन दिनों तक अधिकांश बैंकिंग गतिविधियाँ ठप रहेंगी, जिससे ऋण वितरण, चेक क्लीयरेंस और अन्य शाखा-आधारित सेवाओं में देरी हो सकती है। इस समय डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने और समय से पहले अपनी बैंकिंग गतिविधि को व्यवस्थित करने की सलाह दी जाती है। शहर में किया गया कड़े सुरक्षा इंतजामशहर में करीब 10,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गयी है, जिनमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की आठ टुकड़ियां भी शामिल हैं।

> किसी विशेष क्षेत्र में बहुत अधिक लोगों के एकत्र होने पर पुलिस नियंत्रण कक्ष को भी सूचित करेगी। अधिकारियों ने बताया कि पूरे 16 किलोमीटर के मार्ग पर शोभायात्रा के साथ करीब 4,500 सुरक्षाकर्मी चलेंगे, जबकि यातायात प्रबंधन के लिए 1,931 कर्मियों को तैनात किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जगन्नाथ रथ यात्रा पर लोगों को शुभकामनाएं दीं



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में इस अवसर पर सभी के लिए सुख, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा के लिए लाखों श्रद्धालु समुद्र तटीय तीर्थ नगरी पुरी में उमड़े हैं।

### सीएम पटेल ने की पहिंद विधि, अमित शाह ने उतारी आरती



अहमदाबाद। भगवान जगन्नाथ की 148वीं रथयात्रा शुक्रवार सुबह अहमदाबाद में शुरू हुई, जिसमें हजारों श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए उमड़े। भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथों को सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार खलासी समुदाय ने शहर के जमालपुर क्षेत्र में स्थित जगन्नाथ मंदिर से बाहर निकाला। तीन रथों की भव्य शोभायात्रा 400 वर्ष पुराने मंदिर से शुरू हुई और पुराने शहर से होते हुए इसके रात आठ बजे तक लौटने की उम्मीद है। यह यात्रा जिन इलाकों से गुजरेगी, उनमें कुछ सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र भी शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके परिवार के सदस्यों ने जगन्नाथ मंदिर में सुबह पूजा में भाग लिया

### अहमदाबाद में रथ यात्रा के दौरान मचा हड़कंप, हाथी हुआ बेकाबू

गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा के दौरान उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जुलूस में शामिल हाथी अचानक बेकाबू हो गया। हाथी को भीड़ के बीच दौड़ते देख श्रद्धालु डर गए, लेकिन गनीमत रही कि समय रहते उस पर काबू पा लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### अमृतसर से बब्बर खालसा के 3 मेंबर गिरफ्तार, 2 हैंड ग्रेनेड-ग्लॉक पिस्तौल बरामद

पंजाब पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस द्वारा समर्थित एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। बब्बर खालसा इंटरनेशनल के रूप में पहचाने जाने वाले इस समूह ने कथित तौर पर अमृतसर और उसके आसपास के इलाकों में पुलिस प्रतिष्ठानों पर लक्षित हत्याओं और हमलों की योजना बनाई थी। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने पुष्टि की कि इस साजिश के सिलसिले में एक नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया गया है, जिससे अनगिनत निर्दोष लोगों की जान बच गई है। यादव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन में, राज्य विशेष ऑपरेशन सेल, मोहाली ने पाकिस्तान आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है, जिसे यूके स्थित निशान सिंह और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा द्वारा संचालित किया जा रहा था। एक किशोर सहित तीन सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है।

### वाहन को गलती से टक्कर लगने पर ई-रिक्शा चालक को गोली मारने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

दिल्ली के नंद नगरी इलाके में एक व्यक्ति को एक ई-रिक्शा चालक को गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह घटना उस समय हुई जब ई-रिक्शा चालक की गाड़ी गलती से उस व्यक्ति की कार से टकरा गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 23 जून की सुबह विनय (30) अपने ई-रिक्शा में अमित विहार से वापस अपने घर सबोली जा रहा था। उन्होंने बताया कि गगन सिनेमा के पास मोड़ते समय उसका ई-रिक्शा कथित रूप से एक काले रंग की कार से टकरा गया। अधिकारी ने बताया कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) चालक समीर शर्मा (46) ने गुस्से में आकर कथित तौर पर पिस्तौल निकाली और विनय पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली चलाने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने बताया कि जीटीबी अस्पताल से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को गोलीबारी में एक व्यक्ति के घायल होने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने बताया कि जीटीबी अस्पताल में ही पीड़ित का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि विनय के बयान के आधार पर नंद नगरी थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1) (हत्या का प्रयास) और धारा 3(5) (संयुक्त जवाबदेही) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# शर्मनाक: कोलकाता के लॉ कॉलेज में छात्रा से गैंगरेप

## दो सीनियर और एक पूर्व छात्र गिरफ्तार



एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता से एक बार फिर समाज को शर्मसार कर देने वाली खबर आई हैं। यहां लॉ कॉलेज की एक छात्रा के साथ दो सीनियर छात्रों और संस्थान के एक पूर्व छात्र द्वारा कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के मामले में तीनों आरोपियों को गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 25 जून की शाम को हुई, जब छात्रा कॉलेज आई हुई ती। वहीं तीनों आरोपियों ने उसे एक कमरे में जबरन उठाकर ले गए और उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। अधिकारी ने बताया, छात्रा ने कसबा थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर तीनों आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

### कोलकाता रेप केस मामले को लेकर टीएमसी ने जारी किया बयान

**कहा– न्याय सुनिश्चित किया जाएगा**

25 जून की रात को कोलकाता स्थित लॉ कॉलेज के परिसर में एक छात्रा के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया गया, जिसके बाद तीन लोगों को गिरफ़्तार किया गया, जिनमें दो छात्र और एक कर्मचारी शामिल है जो संस्थान का पूर्व छात्र भी है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान मनोजीत मिश्रा (31), जैब अहमद (19) और प्रमित मुखोपाध्याय उर्फ प्रमित मुखर्जी (20) के रूप में की है। एफआईआर के अनुसार, उनमें से एक ने यौन उत्पीड़न किया जबकि अन्य ने अपराध को बढ़ावा दिया। पीड़िता की शिकायत के आधार पर दर्ज की गई एफआईआर में तीनों का नाम दर्ज किया गया है।



### कॉलेज परिसर में हुई वारदात

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह कथित गैंगरेप की घटना कॉलेज की इमारत के अंदर ही हुई। पीड़िता का प्रारंभिक मेडिकल परीक्षण किया गया है और कई गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं।

# आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए : राहुल गांधी

## आरएसएस महासचिव होसबाले ने कहा था- संविधान में सोशलिस्ट-सेक्युलर शब्दों पर बहस हो

> राहुल ने एक्स पर लिखा कि फरर का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। उन्होंने आगे लिखा कि आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए।

एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के महासचिव दत्तात्रेय होसबोले द्वारा संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग के बाद भारी राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया। आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल करने पर पुनर्विचार करने के होसबोले के कड़े आह्वान पर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी नेताओं की ओर से तीखी प्रतिक्रिया हुई।पूरे मामले को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी ट्वीट किया है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि फरर का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है। उन्होंने आगे लिखा कि आरएसएस-भाजपा को संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। आरएसएस ये सपना देखना बंद करे - हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे।



# 2029 विश्व पुलिस और फायर गेम्स की मेजबानी करेगा भारत

**अमित शाह ने ट्वीट कर दी जानकारी**

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है।



एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण बताया। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में, केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक के लिए बहुत गर्व का क्षण है, क्योंकि भारत को प्रतिष्ठित 2029 विश्व पुलिस और अग्निशमन खेलों के लिए मेजबान देश के रूप में नामित किया गया है। शाह ने कहा कि भारत द्वारा इस आयोजन की मेजबानी जीतना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में निर्मित हमारे विशाल खेल बुनियादी ढांचे की वैश्विक मान्यता है।

# चुनाव से 2 महीने पहले ऐसा क्यों?

## वोटर लिस्ट सत्यापन को लेकर बोले तेजस्वी बोले, नीतीश और मोदी डरे हुए हैं

> तेजस्वी से सवाल किया कि चुनाव से 2 महीने पहले ऐसा क्यों किया जा रहा है? क्या 25 दिनों के भीतर आठ करोड़ लोगों की मतदाता सूची बनाना संभव है? मांगे गए दस्तावेज ऐसे हैं जो गरीबों के पास शायद ही हों।



एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने चुनावी राज्य बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के निर्देश जारी किए हैं। इसका मतलब है कि बिहार के लिए मतदाता सूची नए सिरे से तैयार की जाएगी। अब इसको लेकर सियासत तेज हो गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने निर्वाचन आयोग पर सवाल खड़े किए है। तेजस्वी यादव ने कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण की घोषणा की है। इसका मतलब है कि 8 करोड़ बिहारियों की मतदाता सूची को दरकिनार कर दिया गया है और एक नई सूची बनाई जाएगी। तेजस्वी से सवाल किया कि चुनाव से 2 महीने पहले ऐसा क्यों किया जा रहा है? क्या 25 दिनों के भीतर आठ करोड़ लोगों की मतदाता सूची बनाना संभव है? मांगे गए दस्तावेज ऐसे हैं जो गरीबों के पास शायद ही हों। हमारा प्रतिनिधिमंडल इस मामले को लेकर चुनाव आयोग से संपर्क करेगा। सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी डरे हुए हैं। वे चाहते हैं कि गरीबों का नाम मतदाता सूची से हटा दिया जाए। वे समाज के गरीब तबके से वोट देने का अधिकार छीनना चाहते हैं। कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि इससे राज्य मशीनरी का इस्तेमाल करके मतदाताओं को जानबूझकर बाहर करने का जोखिम है।

# ताजमहल के गुंबद से टपकने लगा पानी, 6 महीने में होगा ठीक

> विशेषज्ञ गुंबद पर मरम्मत का काम शुरू करेंगे, जिसे पूरा होने में लगभग छह महीने लगेंगे। सूत्रों ने दावा किया कि एएसआई द्वारा प्रेम के इस स्मारक की लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग जांच में तीन मुख्य मुद्दे सामने आए हैं। स्मारक के मुख्य गुंबद पर पत्थरों के बीच का मोर्टार खराब पाया गया।



एजेंसी

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा थर्मल स्कैनिंग के दौरान ताजमहल के गुंबद में 73 मीटर की ऊंचाई पर पानी के रिसाव का पता चला है। सूत्रों के अनुसार, एएसआई द्वारा निरीक्षण जारी रखने के लिए गुंबद को फिलहाल मचान में रखा गया है, जो 15 दिनों तक चलने की संभावना है। इसके बाद, विशेषज्ञ गुंबद पर मरम्मत का काम शुरू करेंगे, जिसे पूरा होने में लगभग छह महीने लगेंगे। सूत्रों ने दावा किया कि एएसआई द्वारा प्रेम के इस स्मारक की लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग जांच में तीन मुख्य मुद्दे सामने आए हैं। स्मारक के मुख्य गुंबद पर पत्थरों के बीच का मोर्टार खराब पाया गया। दूसरा, गुंबद की छत का दरवाजा और फर्श कमजोर हो गया है और तीसरा, गुंबद पर लगा हुआ फिनियल (शिखर) एक लोहे की छड़ पर टिका हुआ है

**तानाशाही** | **आपातकाल पर बोले शिवराज सिंह चौहान**

# कांग्रेस संविधान की हत्यारी है, तानाशाही उसके डीएनए में है...

एजेंसी



> शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मैं 'आपातकाल हटाओ' और 'इंदिरा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी' के पर्चे बांटता था। आपातकाल के आखिरी नौ महीनों में 9 अप्रैल को पुलिस को इसकी भनक लग गई।

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आपातकाल के दौरान अपने अनुभव को याद करते हुए कहा कि मैंने जेल में बहुत सारे अमानवीय अत्याचार देखे। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र का इतना काला दौर था कि मैं अभी भी हैरान हूं कि ऐसा वास्तव में हुआ था। कोई इतना बड़ा पाप और अन्याय कैसे कर सकता है? वाराणसी में भाजपा नेता ने कहा कि उस समय मेरी उम्र 16 साल थी और मैंने 10वीं पास कर ली थी। 1974 में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और दोषपूर्ण शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ लोकनायक जयप्रकाश नारायण का आंदोलन चल रहा था। मैं इससे जुड़ा हुआ था और चूंकि मैं अपने स्कूल का अध्यक्ष भी था, इसलिए मैं उस आंदोलन में शामिल हो गया। शिवराज सिंह चौहान ने आगे कहा कि मैं 'आपातकाल हटाओ' और 'इंदिरा तेरी तानाशाही नहीं चलेगी' के पर्चे बांटता था। आपातकाल के आखिरी नौ महीनों में 9 अप्रैल को पुलिस को इसकी भनक लग गई। वे मेरे घर आए, मुझे थप्पड़ मारे और ऐसी गालियां दीं कि मैं दोहरा भी नहीं सकता। वे मुझे सीढ़ियों से घसीटकर नीचे लाए और पुलिस स्टेशन ले गए। उन्होंने मेरे घुटनों और कोहनियों पर इतनी बुरी तरह मारा कि आज भी उनमें दर्द होता है। उन्होंने मुझे पूरी रात प्रताड़ित किया और फिर सुबह उन्होंने मुझे हथकड़ी लगाई और मजिस्ट्रेट के पास ले गए, जिन्होंने मुझे जेल भेजने के लिए कागजों पर हस्ताक्षर कर दिए। भाजपा नेता ने दावा किया कि जब मुझे हथकड़ी-बेड़ी में पैदल जेल ले जाया जा रहा था, तो रास्ते से गुजर रहे कुछ बच्चों ने मुझे देखा और कहा कि मैं जरूर चोर हूँ। जब मैंने 'चोर' शब्द सुना, तो मेरी अंतरात्मा रो पड़ी।

मैंने अकेले ही नारे लगाने शुरू कर दिए कि 'जुल्म के आगे नहीं झुकूंगा, जुल्म किया तो और लड़ूंगा'... जब मैं भोपाल सेंट्रल जेल पहुँचा, तो मैं बाहर से नारे लगा रहा था और जो लोग पहले से जेल में बंद थे, वे जेल के अंदर से नारे लगा रहे थे। मैंने उस जेल में ही मन बना लिया था कि मैं अपने लिए नहीं जीऊँगा। मुझे देश और समाज के लिए कुछ करना है। उन्होंने कहा कि देश आपातकाल की क्रूर कथा कभी न भूले, इसलिए संविधान हत्या दिवस मनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान की हत्यारी है। तानाशाही उसके डीएनए में है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का अपमान करने वाली कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए। आज जो लोग संविधान लेकर घूमते हैं, उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्हीं के पुरखों ने सत्ता में बने रहने के लिए देश में लोकतंत्र को रौंदने का काम किया था।

# आरोपी का टीएमसी से कोई संबंध नहीं, कोलकाता रेप मामले पर बोलीं मंत्री, पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की



> मंत्री ने दावा किया कि भाजपा सोच भी नहीं सकती कि कोलकाता पुलिस ने जिस तरह से कार्रवाई की। उन्होंने बदनाम करना शुरू कर दिया... अगर वे बंगाल में एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में रहना चाहते हैं, तो उन्हें जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा।

एजेंसी

नयी दिल्ली। कोलकाता में कथित सामूहिक बलात्कार मामले पर पश्चिम बंगाल के मंत्री शशि पांजा ने कहा कि नाम और धर्म जानने के लिए तत्काल पोस्टमार्टम और शव विच्छेदन किया गया। आपको घटना की निंदा करनी चाहिए। अब आप तस्वीरें दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा छात्रों को बलात्कार करना नहीं सिखा रही है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और शिकायत के 12 घंटे के भीतर तीन लोगों को पकड़ लिया गया। वे हिरासत में हैं और जांच जारी है। उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं और पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है। उसने आरोपी का नाम बताया है। इसे गंभीरता से लिया गया है। मंत्री ने दावा किया कि भाजपा सोच भी नहीं सकती कि कोलकाता पुलिस ने जिस तरह से कार्रवाई की। उन्होंने बदनाम करना शुरू कर दिया... अगर वे बंगाल में एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में रहना चाहते हैं, तो उन्हें जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा। उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस के पास जब 12 घंटे के अंदर शिकायत पहुंची तो पुलिस ने तुरंत 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें पुलिस हिरासत में ले लिया। अभी जांच चल रही है।

## सम्पादकीय

### दम तोड़ते दिख रहे माओवादी, लेकिन समर्थक शांत होने का नाम नहीं ले रहे

मोदी सरकार ने माओवाद के खात्मे के लिए दो मोर्चों पर एक साथ काम शुरू किया। हथियार उठाने वालों के लिए जहां गोली का जवाब गोली से देने की नीति अपनाई, वहीं माओवादियों के सरेंडर और उनके सामाजिक पुनरुत्थान पर जोर दिया। पिछड़े इलाकों में सड़कें और रेलवे लाइन पहुंचाई गईं। मोदी सरकार ने प्रभावित इलाकों में स्कूल बनाने और विकास योजनाओं को गति देने पर जोर दिया।हर शासक का असल मूल्यांकन इतिहास करता है। मोदी सरकार का भी करेगा। लोकतांत्रिक भारत की सत्ता के केंद्र अगर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बने हुए हैं, तो इसकी वजह उनकी कई उपलब्धियां भी हैं। मोदी के शासन की सफलताओं में से एक है देश से वामपंथी उग्रवाद का लगभग सफाया।मोदी सरकार माओवादी आतंक के खात्मे के लक्ष्य पर शुरू से ही काम करती रही है, लेकिन अमित शाह के गृहमंत्री बनने के बाद इसमें तेजी आई है। इसका असर अब दिखने लगा है। माओवादियों के पांव उखड़ रहे हैं, वे सरेंडर करके सामाजिक मुख्यधारा में लौट रहे हैं, लेकिन सियासी जुबान में माओवाद की गूंज सुनाई देती रहती है। पहले नक्सली कहे जाने वाले माओवादी भी अभी पूरी तौर पर पस्त नहीं हुए हैं। उनसे वैचारिक स्तर पर भी लड़ने की जरूरत है।1925 में विरोधी वैचारिक छोर पर खड़े दो संगठनों का जन्म हुआ। राष्ट्रवाद के ध्येय के साथ विजयदशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गठन हुआ तो लगभग तीन माह बाद दिसंबर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। सौ वर्षों की यात्रा में कम्युनिस्ट आंदोलन कमजोर होता गया, जबकि संगठन और विचार के स्तर पर संघ विराट वृक्ष बन चुका है। आजादी के बाद ही आंध्र प्रदेश में हथियारबंद कथित कम्युनिस्ट क्रांति शुरू हो गई थी, लेकिन इसे गति 1970 के दशक की शुरूआत में बंगाल के नक्सलबाड़ी से मिली। चीनी कम्युनिस्ट नेता माओत्से तुंग का कहना था कि सत्ता बारूद से निकलती है। नक्सल आंदोलन ने दो तरह से अपना प्रभाव बढ़ाया। शैक्षिक संस्थानों और वैचारिक प्रतिष्ठानों में इस वैचारिकी ने बौद्धिक जड़ें जमाईं तो दूसरी तरफ खेतों और जंगलों में खूनी क्रांति का सपना पूरा करने के लिए नौजवान हाथों ने हथियार थाम लिए। धीरे-धीरे वैचारिक प्रतिष्ठानों में इस विचार का वैचारिक प्रभाव तो बढ़ा ही, जंगलों, पिछड़े और आदिवासी इलाकों में हथियारबंद संगठनों का असर बढ़ा। हथियारबंद आंदोलन की पहले जो नक्सलवादी पहचान थी, उसे माओवादी के रूप में जाना जाने लगा। जंगलों और आदिवासी क्षेत्रों में हथियारबंद आंदोलन जहां खूंखार होता गया, वहीं उसे वैचारिक कवच वैचारिक प्रतिष्ठानों के बौद्धिकों से मिलने लगा।

## आज का विचार

सारी दुनियाँ कहती है
कि हार मान लो लेकिन दिल कहता है
कि एक बार और कोशिश करो,
तुम ये जरूर कर सकते हो

भारत संवाद




**मेष राशि :** करियरः राजनीति के क्षेत्र में हैं, वो लोग आज किसी सभा में जायेंगे, जहां अपने संबोधन से जनमानस में नयी उमंग भर देंगे. बिजनेसः आपके अंदर उत्साह होगा आप काम करने का नया टारगेट बनायेंगे.धनः काफी दिनों से रुका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो जायेगा.

**वृषभ राशि:** करियरः काम को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे. जिस भी काम की शुरूआत करेंगे वह समय से पूरा होगा. बिजनेसः बिजनेस में आज आपको उम्मीद से ज्यादा लाभ होगा इसके साथ ही आपके खर्च भी बढ़ सकते हैं. धनः आपको कोई ऐसी चीज मिलेगी जिसकी चाह आपको काफी दिनों से थी.

**मिथुन राशि :** करियरः जो महिलाएं वर्क फ्रॉम होम करती हैं, उनके लिए आज दिन व्यस्तता से भरा रहेगा. बिजनेसः प्रॉपर्टी के सौदे में जरुरी कागज जांच लें.धनः पुराने निवेश अच्छे परिणाम दे सकते हैं.स्वास्थ्यः स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा.

**कर्क राशि:** करियरः काफी वर्षों की गई मेहनत का फल आपको मिलेगा, आपको खुशी व काम करने का नया हौसला मिलेगा. बिजनेसः इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं.धनः बजट बिगड़ सकता है. धन संचय करें.स्वास्थ्यः मानसिक शांति के सरलता को चुनें.

**सिंह राशि :** करियरः कोई खास बदलाव आपके काम को लेकर या करियर को लेकर हो सकता है. बिजनेसः जो लोग स्टील का बिजनेस करते हैं उनके लिए ज्यादा लाभ के योग हैं. धनः काम के प्रेशर को कम करने के लिए आप अपने सहयोगियो से सलाह मशवरा भी ले सकते हैं. धन लाभ के योग हैं.

**कन्या राशि:** करियरः काफी दिनों से चल रहा कोई वर्क कम्पलीट हो जायेगा, आपकी टेंशन कम होगी. बिजनेसः अनजान व्यक्ति से आप जीवन की कुछ महत्वपूर्ण बातें सीखेंगे जिसका आपके जीवन और करियर पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा. धनः आपका धन को लेकर कोई अधूरा काम आपके सहयोगी की सहायता से पूरा हो जाएगा.

**तुला राशि :** करियरः इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदेमंद रहेगा. स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. बिजनेसः जो लोग व्यापार के क्षेत्र से जुड़े हैं उनको काम के सिलसिले में लम्बी यात्रा के योग है

**वृश्चिक राशि :** करियरः जो भी काम आप कई दिनों से टाल रहे थें, आज निपटा लेंगे बिजनेसः आप किसी काम के बारे में नये सिरे से सोच सकते हैं. मार्किट में किसी तरह का निवेश करने जा रहे हैं,तो पूरी तरह से रिसर्च के बाद ही निवेश करें.

**धनु राशि:** करियरः जो लोग लंबे समय से नौकरी की तलाश में हैं, उनकी तलाश आज पूरी होने के संकेत हैं. बिजनेसः आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, उसे समय रहते पूरा कर लें, आपके लिये अच्छा रहेगा.

**मकर राशि:** करियरः शुरूआत में आपको लगेगा कि आपके काम अधूरा रह जाएगा, लेकिन शाम होते-होते काम पूरा हो जायेगा. जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, उनके लिए दिन ठीक रहने वाला है.

**कुंभ राशि:** करियरः किसी बड़े व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है. आने वाले समय में वह आपके लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा. बिजनेसः जो लोग टूर एंड ट्रैवल के बिजनेस से जुडे हैं, उनके लिए दिन अच्छा रहने वाला है.

**मीन राशि:** करियरः जो लोग राजनीति के क्षेत्र से जुड़े हैं, उनके लिए दिन बहुत-सी तरक्की दिलाने वाला रहेगा. आपकी पार्टी आपको कोई बड़ा पद भी दे सकती है। जनता के बीच आपका मान सम्मान भी बढ़ेगा. बिजनेसः जो लोग ऑर्गेनिक कृषि से जुडे हैं, उनको अच्छा लाभ होगा धनः आपके मन में नये-नये विचार आयेंगे, जिन्हें आप अपनी दिनचर्या में उतारने में कामयाब रहेंगे, इससे पैसा कमाने का रास्ता भी दिखेगा. स्वास्थ्यः कमजोरी मेहसूस हो सकती है. शिक्षाः फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स आज गुरुजनों के सहयोग से खुद के सपनों को पूरा करने में मदद मिलेगी.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# भविष्य की आधारशिला रखने वाला मिशन एक्सिओम-4

> **अंतरिक्ष में मूल्यवान संसाधनों का भंडार भी छिपा है। इस संदर्भ में मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह (एस्टेरायड) बेल्ट सर्वाधिक संपन्न है। इनमें प्लेटिनम, सोना, कोबाल्ट, लीथियम जैसे वैसे दुर्लभ संसाधन हैं, जो बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसी आधुनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में बेहद महत्वपूर्ण हैं।**

पा भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आइएसएस में दाखिल होकर एक नया इतिहास रचा। वह एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं। यह मिशन नासा, इसरो और यूरोपियन स्पेस एजेंसी का समन्वित प्रयास है। इस मिशन के दौरान 60 वैज्ञानिक परीक्षण किए जाएंगे। इन परीक्षणों में 31 देशों का योगदान होगा, जिनमें सात परीक्षणों में इसरो की सक्रिय भूमिका है। ये परीक्षण माइक्रोबायोलाजी, बायोटेक्नोलाजी, पदार्थ विज्ञान, मानव शरीर विज्ञान एवं अंतरिक्ष तकनीक जैसे विविध विषयों से जुड़े हैं। यह मिशन अंतरिक्ष अन्वेषकों को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक ले जाने, प्रवास या अंतरिक्ष में प्रयोग-परीक्षण करने तक ही सीमित नहीं। इसमें उस भविष्य की कुंजी निहित है, जिसमें अंतरिक्ष केवल अन्वेषण का ही एक केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक मोर्चे के रूप में भी स्थापित होगा। यह स्पष्ट है कि आने वाले दशकों में अंतरिक्ष भूराजनीति, वैश्विक शक्ति समीकरण और आर्थिक वृद्धि को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा। चाहे उपग्रह संचार से लेकर रक्षा प्रणालियों का मामला हो या संसाधन उत्खनन से अंतरिक्ष पर्यटन का विषय, उनमें देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं ही यह निर्धारित करेंगी कि कौन देश इसमें बढ़त बनाएगा और कौन अनुसरण करेगा। अंतरिक्ष में नियंत्रण का अर्थ है संचार पर नियंत्रण? यह स्थिति युद्ध और टकराव में बहुत उपयोगी साबित होती है। सैटेलाइट नेटवर्क की महत्ता तो सैन्य संचार से लेकर



रियल टाइम नेविगेशन और जलवायु निगरानी के मोर्चे पर पहले ही सिद्ध हो चुकी है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका उदाहरण है। जब रूस ने यूक्रेन के संचार ढांचे को तबाह कर दिया तब एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट सुविधा ही यूक्रेन के काम आई। आधुनिक समर नीति में भी अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण पहलू है। सशक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम वाले देशों को स्वाभाविक रूप से सामरिक बढ़त मिलती है। ईरान-इजरायल के हालिया युद्ध में भी इसका प्रमाण दिखा, जहां ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों को इजरायल के एयरो-3 डिफेंस सिस्टम ने पृथ्वी के वायुमंडल की सीमा से बाहर ही निष्प्रभावी कर दिया। यह दर्शाता है कि अंतरिक्ष परिसंपत्तियों पर नियंत्रण कैसे आधुनिक समर नीति को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है। बीते दिनों भारत के आपरेशन सिंदूर में भी सैटेलाइट कैमरों की उपयोगिता दिखी, जिन्होंने लक्ष्यों को चिह्नित करने और नुकसान के आकलन में अहम भूमिका निभाई। इन्हीं पहलुओं को देखते हुए अमेरिका ने अपनी अंतरिक्ष परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए स्पेस फोर्स नाम से एक अलग सैन्य इकाई का गठन किया है। भारत भी इस संकल्पना को साकार करने की दिशा में बढ़ने जा रहा है। आर्थिक मोर्चे पर भी अंतरिक्ष नया अखाड़ा बन रहा है। अंतरिक्ष पर्यटन अब कोई कपोल-कल्पना नहीं। कुछ कंपनियों-संगठनों ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसरो भी इस दिशा में काम कर रहा है और उसकी 2030 तक अंतरिक्ष पर्यटन शुरू करने की योजना है। 2030 तक वैश्विक अंतरिक्ष पर्यटन कारोबार के 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। चूंकि भारत की पहचान विश्वसनीय और किफायती प्रक्षेपण क्षमताओं वाले देश की है, इसलिए यह मानने के अच्छे भले कारण हैं कि इस बाजार में उसे बड़ा हिस्सा प्राप्त होने वाला है। विस्तार ले रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में वही देश बाजी मारने में सफल हो सकते हैं, जो मनुष्यों से लेकर मशीनों को अपने दम पर अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम होंगे। ऊंचे दांव वाली इस होड़ में भारत बिल्कुल सटीक मौके पर कदम बढ़ा रहा है। एक वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा में एक्सिओम-4 मिशन एक मील का पत्थर है। सीधे तौर पर इसका सरोकार भारत के गगनयान कार्यक्रम से जुड़ा है, जिसके अंतर्गत स्वदेश निर्मित यान के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की योजना है। यह 2027 तक संभव हो सकता है। हालांकि भारत के इरादे इससे कहीं ज्यादा बड़े हैं। भारत का लक्ष्य वर्ष 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन-बीएएस के रूप में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना है। यह केंद्र अत्याधुनिक शोध-अनुसंधान, नवाचार एवं लंबी अवधि वाले मिशन के लिए एक मंच की भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही भारत अंतरिक्ष में स्थायी मानवीय उपस्थिति वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान लाइफ साइंस, कक्षीय परिचालन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मोर्चे पर सीखे जाने वाले सबक बीएएस के डिजाइन और संचालन ढांचे को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे। अंतरिक्ष में मूल्यवान संसाधनों का भंडार भी छिपा है। इस संदर्भ में मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह (एस्टेरायड) बेल्ट सर्वाधिक संपन्न है। इनमें प्लेटिनम, सोना, कोबाल्ट, लीथियम जैसे वैसे दुर्लभ संसाधन हैं, जो बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसी आधुनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में बेहद महत्वपूर्ण हैं। पृथ्वी पर सिकुड़ते संसाधनों को देखते हुए भविष्य की आर्थिकी में अंतरिक्ष खनन का महत्व बढ़ेगा। समझ लीजिए कि संपूर्ण विश्व का सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी करीब 100 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर है तो केवल क्षुद्रग्रह बेल्ट की हैसियत ही दुनिया के उत्पादन से करीब 8,000 गुना अधिक है। यानी वहां मौजूद खनिजों का मूल्य इतना अधिक है कि पूरी दुनिया अगली 80 शताब्दियों तक कमाई के जरिये ही उसकी बराबरी कर पाएगी। जो देश इन इलाकों में सबसे पहले पहुंचकर उसके कुछ हिस्से पर अपना नियंत्रण स्थापित करेंगे, वही भविष्य के उद्योगों की आवश्यकताओं की आपूर्ति के चक्र को नियंत्रित कर सकेंगे। वे कीमतों के निर्धारण, नए उद्यमों की स्थापना और वैश्विक बाजारों को आकार देंगे। यही वजह है कि अंतरिक्ष में पैठ भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। अपनी क्षमताओं और महारत से भारत विभिन्न देशों के साथ साझेदारी और प्रशिक्षण के जरिये अंतरिक्ष में विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं का नेतृत्व कर सकता है। यह रणनीति कूटनीतिक संबंधों को प्रगाढ़ करने के साथ ही अंतरिक्ष अन्वेषण को भी कहीं अधिक समावेशी एवं न्यायसंगत बनाएगी।

# आत्म मानसिक बल की ऊर्जा और लक्ष्य प्राप्ति की उपादेयता

**संजीव ठाकुर**

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो हों मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है बड़ी

सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता



उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती है जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता है यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता

# बेटियों के लिये मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**ललित गर्ग**

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। द इकोनॉमिस्ट द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है, और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है। वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दशार्ता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिये लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

इक्कीसवीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिये अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं।

# उत्तन-विरार सागरी मार्ग वाधवण बंदरगाह और वडोदरा-मुंबई एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाए :मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने उत्तन-विरार सागरी मार्ग (यूव्हीएसएल) का सुधारित और आर्थिक दृष्टि से किफायती प्रस्ताव मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने निर्देश दिए कि प्रस्तावित उत्तन-विरार मार्ग को वाधवण बंदरगाह और समृद्धि महामार्ग (एक्सप्रेसवे) से जोड़ा जाए। यह सागरी मार्ग परियोजना मुंबई को महत्वाकांक्षी वाधवण बंदरगाह परियोजना से जोड़ने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान भवन स्थित मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित बैठक में इस परियोजना की समीक्षा की। बैठक में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, बृहन्मुंबई महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगरानी आदि उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर बवंडर, तीखे व्यंग्य के बाद उद्धव ठाकरे ने किया आंदोलन का ऐलान, अठावले भी कूदे

महाराष्ट्र में स्कूलों में हिंदी भाषा को पढ़ाए जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा होता हुआ दिखाई दे रहा है। मनसे चीफ राज ठाकरे के बाद अब उद्धव ठाकरे भी आरपार के मूड में आ गए हैं। 7 जुलाई को मुंबई के आजाद मैदान में आंदोलन की घोषणा कर दी है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र में राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया है, लेकिन विपक्षी दलों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राज ठाकरे ने मुंबई में 6 जुलाई को मार्च के आह्वान किया तो उद्धव ठाकरे ने 7 जुलाई को मुंबई के आजाद मैदान में आंदोलन की घोषणा कर दी है। शिवसेना यूबीटी के प्रमुख ने महाराष्ट्र सरकार पर हिंदी भाषा को जबरदस्ती थोपने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य पर 'हिंदी लादने' की कोशिश कर रही है। ठाकरे बोले कि उनका किसी भाषा या हिंदी भाषी समुदाय से कोई विरोध नहीं है, बल्कि वह जबरन किसी भाषा को थोपने के खिलाफ हैं। ठाकरे की पार्टी की व्यंग्य पत्रिका मार्मिक में कुछ दिन पहले इसी मुद्दे पर देवेंद्र फडणवीस का कॉर्टून कवर पेज पर छपा था। इसमें इसी मुद्दे को उठाया गया था। अब ठाकरे ने अल्टीमेटम दे दिया है। इस मुद्दे पर राज ठाकरे पहले से सरकार पर हमलावर हैं, तो वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषा के सम्मान होना चाहिए।

## आंदोलन में आने की अपील

ठाकरे ने कहा कि बीजेपी की 'बांटने और काटने' की नीति स्पष्ट है। वह मराठी और अन्य भाषियों के बीच जो एकता है, उसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया है कि बीजेपी की ओर से भाषाई आपातकाल लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने आपातकाल लगाने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने बुधवार को इसका विरोध किया, लेकिन मैं कह रहा हूं कि भाषाई आपातकाल है। उन्होंने कहा कि हिंदी की आड़ में निरंकुशता थोपने की बीजेपी की कोशिश को मराठी भाषी चुनौती दिए बिना नहीं रहेंगे। उद्धव ठाकरे ने लोगों से धरने में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि मराठी भाषियों को दलीय मतभेद भुलाकर आंदोलन में भाग लेना चाहिए। साथ ही साहित्यकारों, कलाकारों, वकीलों, मराठी भाषा के बेटों, मराठी दिल में बसने वालों और बीजेपी में सच्चे मराठी प्रेमियों को भी इस आंदोलन में भाग लेना चाहिए।

## आठवले ने मनसे को घेरा

केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने आठवले ने कहा कि भारत में कई भाषाएं हैं, जैसे मराठी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, ओड़िया और बंगाली। लेकिन, देश में एक सामान्य भाषा की जरूरत है

## फास्ट ट्रैक

# दिनांक 29.06.2025 को मध्य रेल के मुंबई मंडल पर मेगा ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल, मुंबई मंडल दिनांक 29.06.2025 को विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा, विवरण इस प्रकार हैः

मुख्य लाइन

ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच अप और डाउन फास्ट लाइन 10.40 बजे से 15.40 बजे तक

सीएसएमटी मुंबई से 09.34 बजे से 15.03 बजे तक छूटने वाली डाउन फास्ट/सेमी-फास्ट लोकल सेवाओं को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा, जो अपने निर्धारित स्टेशनों के अलावा कलवा, मुंब्रा और दिवा स्टेशनों पर रुकेंगी और अपने निर्धारित गंतव्य पर 10 मिनट देरी से पर पहुंचेंगी।

10.28 बजे से 15.40 बजे तक कल्याण से छूटने वाली अप फास्ट/सेमी-फास्ट सेवाएं कल्याण और ठाणे स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी, जो अपने निर्धारित स्टेशनों के अलावा दिवा, मुंब्रा और कलवा स्टेशनों पर रुकेंगी और आगे मुलुंड स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी और अपने निर्धारित गंतव्य पर 10 मिनट देरी से पहुंचेंगी।

सीएसएमटी/दादर से छूटने वाली डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच 5वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

सीएसएमटी/दादर पहुंचने वाली अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को कल्याण और ठाणे/विक्रोली स्टेशनों के बीच 6वीं लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

हार्बर लाइन

पनवेल और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइन (पोर्ट लाइन को छोड़कर) 11.05 बजे से 16.05 बजे तक

हार्बर लाइन सेक्शन

सीएसएमटी की ओर पनवेल से 10.33 बजे से 15.49 बजे तक छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं और सीएसएमटी से बेलापुर/पनवेल की ओर 9.45 बजे से 15.12 बजे तक छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।

ट्रांस हार्बर लाइन सेक्शन

ठाणे की ओर पनवेल से 11.02 बजे से 15.53 बजे तक छूटने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं और ठाणे से 10.01 बजे से 15.20 बजे तक छूटने वाली डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई-वाशी सेक्शन पर विशेष लोकल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान पोर्ट लाइन सेवाएँ उपलब्ध रहेंगी।

ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इससे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें ।

# रेल आषाढ़ी मेले 2025 के लिए सोलापुर मंडल के माध्यम से श्रद्धालुओं के लिए हुब्बाल्लि और पंढरपुर के बीच 14 अतिरिक्त अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाएगा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेल कर्नाटक के हुब्बाल्लि और महाराष्ट्र के पंढरपुर के बीच 14 अतिरिक्त अनारक्षित विशेष ट्रेनें चलाएगा, ताकि पंढरपुर में आषाढ़ी मेले में भाग लेने वाले तीर्थयात्रियों को सोलापुर मंडल के स्टेशनों के माध्यम से सुविधाजनक यात्रा की सुविधा मिल सके, जिनका विवरण नीचे दिया गया हैः

हुब्बाल्लि-पंढरपुर अनारक्षित विशेष (14 यात्राएँ)

- ट्रेन संख्या 07313 अनारक्षित विशेष ट्रेन 1.7.2025 से 8.7.2025 तक (4.7.2025 को छोड़कर) हुब्बाल्लि से 05:10 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 16:00 बजे पंढरपुर पहुँचेगी। (7 यात्राएँ)

- ट्रेन संख्या 07314 अनारक्षित स्पेशल 1.7.2025 से 8.7.2025 तक (4.7.2025 को छोड़कर) पंढरपुर से 18:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:00 बजे हुब्बाल्लि पहुंचेगी। (7 यात्राएँ)

ठहरावः धारवाड़, अलनावर, लोंडा, खानापुर, देसूर, बेलगावी, पाच्छापूर, गोकाक रोड, घटप्रभा, चिकोडी रोड, रायबाग, चिंचली, कुडची, उगार खुर्द, शेडबाल, विजयनगर, मिरज, अरग, ढालगाव, जत रोड, वसुद और सांगोला।

संरचनाः 8 सामान्य द्वितीय श्रेणी/स्लीपर क्लास और 2 लगेज सह गार्ड ब्रेक वैन। (10 कोच)टिकटिंगः अनारक्षित कोचों के लिए टिकट स्टेशनों पर बुकिंग काउंटरों और यूटीएस ऐप के माध्यम से भी बुक किए जा सकते हैं।यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा से बचने के लिए वैध टिकट के साथ यात्रा करें।इन विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव के लिए, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

# सड़कों पर भीड़भाड़ से बचने के लिए शहरी विकास विभाग के नियमों में पार्किंग व्यवस्था लाना आवश्यकः प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : सड़क यातायात को विनियमित करने और अनावश्यक यातायात की भीड़भाड़ से बचने के लिए महानगर में एकीकृत पार्किंग व्यवस्था लाना महत्वपूर्ण है, और नगर विकास विभाग को मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था के आधार पर अपने नियमों में आवश्यक बदलाव करने की आवश्यकता है। यह बात परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कही है। वे इस संबंध में मंत्रालय में आयोजित ₹मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण₹ क्षेत्र के नगर आयुक्तों की बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर परिवहन विभाग के अतिरिक्त सचिव संजय सेठी, शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव असीम गुप्ता और परिवहन आयुक्त विवेक भीमनवार के साथ मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, भिवंडी-निजामपुर, पनवेल, मीरा-भायंदर, वसई विरार मनपा के आयुक्त उपस्थित थे। मंत्री सरनाईक ने कहा कि भविष्य में मनपा को शहर विकास योजना में पार्किंग के लिए विशेष स्थान उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। नगर विकास विभाग को अपने नियमों में संशोधन करना चाहिए और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) क्षेत्र के मनपा को 14 नए निदेर्शों वाली योजना भेजनी चाहिए। इस अवसर पर बोलते हुए, शहरी विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव असीम गुप्ता ने कहा कि भविष्य में सड़क किनारे अवैध पार्किंग के कारण यातायात की भीड़ से बचने के लिए, मनपा को अपने खुले स्थान पर पे एंड पार्क आधारित पार्किंग व्यवस्था बनाने की जरूरत है। साथ ही, निजी सोसायटियों और भूमि मालिकों की पूर्व अनुमति के साथ, मनपा को कार्यालय समय (12-6 बजे) के बाद पे एंड पार्क आधारित पार्किंग व्यवस्था बनाने की संभावना तलाशने की जरूरत है। इसके साथ ही, मनपा को एक दिन के लिए इस तरह से पार्किंग व्यवस्था बनानी चाहिए कि जो सड़कें चौड़ी हैं, उन पर यातायात की भीड़ नहीं होगी। साथ ही, अगर पे एंड पार्क आधारित पार्किंग व्यवस्था मानव हस्तक्षेप के बिना फास्टैग आधारित है, तो लोग इसका आसानी से उपयोग कर पाएंगे। इसके साथ ही पार्किंग शुल्क बहुत कम रखा जाना चाहिए ताकि लोग इसे वहन कर सकें और आसानी से उपलब्ध पार्किंग व्यवस्था का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर मंत्री सरनाईक ने यह सुझाव दिया है। महानगर में जगह की कमी को देखते हुए पार्कों और उद्यानों के नीचे भूमिगत पार्किंग व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। ठाणे मनपा ने ठाणे शहरों में इस तरह की पहल की है और यह एक अग्रणी है, इसलिए अन्य नगर निगमों को भी इसका अनुसरण करना चाहिए।

# ठाणे-कल्याण-भिवंडी मेट्रो रूट समीक्षा बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई , भिवंडी शहर की बढ़ती आबादी की परिवहन सेवा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कल्याण-भिवंडी मेट्रो लाइन परियोजना लागू की जा रही है। भिवंडी शहर में बढ़ती आबादी और मालवाहकों की बड़ी संख्या के कारण हमेशा यातायात की भीड़भाड़ का सामना करना पड़ता है। इसलिए, यहां यातायात की भीड़भाड़ का स्थायी समाधान खोजने और शहर के समग्र, तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास के लिए, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भूमिगत मेट्रो के साथ-साथ एक नए फ्लाईओवर के निर्माण के लिए एक अलग परियोजना को लागू करने का फैसला किया। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से भिवंडी शहर के विकास में तेजी आएगी और सरकार इन परियोजनाओं के लिए धन मुहैया कराएगी। मेट्रो के काम के साथ-साथ भिवंडी शहर में सड़क चौड़ीकरण परियोजना का काम भी शुरू किया जाना चाहिए। इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद भिवंडी शहर के नागरिकों को यातायात की समस्या से स्थायी रूप से मुक्ति मिल जाएगी, भिवंडी के लोगों के लिए सड़क चौड़ीकरण परियोजना मेट्रो जितनी ही महत्वपूर्ण है। इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोनों परियोजनाओं का काम एक साथ शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री फडणवीस ने कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) द्वारा कार्यान्वित की जा रही मेट्रो लाइन-5 परियोजना के माध्यम से ठाणे, भिवंडी, कल्याण, उल्हासनगर क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को तेज, सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उपलब्ध होंगी। मेट्रो परियोजना को अब कल्याण से आगे उल्हासनगर तक बढ़ाया जा रहा है। इसे उल्हासनगर से आगे अंबरनाथ के पास चिखलोली उपनगरीय रेलवे स्टेशन तक विस्तारित करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है। इससे अंबरनाथ, उल्हासनगर, शहाड और आसपास के लाखों निवासियों की मुंबई और ठाणे जैसे प्रमुख शहरी केंद्रों तक की यात्रा तेज हो जाएगी। भिवंडी मुंबई महानगर क्षेत्र में माल परिवहन के लिए एक विकास केंद्र बन रहा है। सरकार इस शहर के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शहर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने डबल टनल तकनीक का उपयोग करके सड़कों और मेट्रो मार्गों के निर्माण के काम का अध्ययन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी, अतिरिक्त महानगर आयुक्त अश्विन मुदगल, नगर विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव असीम गुप्ता, भिवंडी निजामपुर नगर आयुक्त अमोल सागर, कल्याण डोंबिवली नगर आयुक्त अभिनव गोयल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अश्विनी भिड़े और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. श्रीकर परदेशी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने एक प्रस्तुति दी। ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो रूट संख्या 5 की संक्षिप्त विशेषताएंः लंबाईः कुल 34.23 किमी। इसमें मेट्रो रूट-5 चरण 1 (11.90 किमी), मेट्रो रूट-5 चरण 2 (10.5 किमी) और मेट्रो रूट-5ए (11.83 किमी) शामिल हैं। स्टेशनः 19 स्टेशन (1 भूमिगत और बाकी एलिवेटेड) ट्रेन लेआउटः 6 कोच वाली ट्रेन। प्रस्तावित डिपोः कशेली (26.93 हेक्टेयर) में।इंटरचेंज स्टेशनः कल्याण स्टेशन (मेट्रो रूट 12 सहित) और कपूरबावड़ी (मेट्रो रूट 4)। परियोजना की अनुमानित लागतः मेट्रो रूट 5ः 8417 करोड़ रुपये और मेट्रो रूट 5एः 4063 करोड़ रुपये, कार्य की वर्तमान स्थिति और परियोजना के मील के पत्थरः चरण-क (कपूरबावड़ी - धामनकर नाका) के लिए 96% काम पूरा हो चुका है।

परियोजना के मील के पत्थरः

मेट्रो रूट-5 चरण-1 (ठाणे - धामनकर नाका):

लंबाईः 11.90 किमी (6 एलिवेटेड स्टेशन)।

कार्य प्रगति पर है और निर्माण कार्य का 96% पूरा हो चुका है।

इस चरण के मार्च 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है।

मेट्रो रूट 5 चरण 2 (धामनकर नाका - दुगार्डी):

लंबाईः लगभग 10.50 किमी।इस चरण में 6 स्टेशन हैं, जिनमें 1 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन शामिल हैं।

इस चरण में मेट्रो रूट की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है और भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। मेट्रो रूट 5ए (दुगार्डी से कल्याण और उल्हासनगर कनेक्शन):

लंबाईः 11.83 किमी. : इसमें दो कॉरिडोर प्रस्तावित हैं, दुगार्डी से कल्याण (6.557 किमी, 4 स्टेशन) और उल्हासनगर कनेक्शन (5.272 किमी, 3 स्टेशन)।

इस चरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा बेहतर यात्री अनुभव देने के लिए रेलवे सहायकों के पोर्टरेज शुल्क में संशोधन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए कुशल और किफायती सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सहायकों को देय पोर्टरेज शुल्क में हाल ही में संशोधन किया गया है, जो 1 जून, 2025 से लागू होगा। हेड लोड और व्हील्ड बैरो सहित नई दरें विभिन्न सेवाओं पर लागू होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर पोर्टरेज शुल्क में संशोधन किया गया है। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार सहायक के माध्यम से सामान को सिर पर लादकर या पहिएदार ठेला पर ले जाने का विकल्प चुन सकते हैं। हेड लोड शब्द का अर्थ है - 2 बैग/सूटकेस/व्यक्तिगत सामान की मात्रा, जिसे सहायक पहिएदार बैरो के बिना मैन्युअल तौर पर उचित रूप से ले जा सकता है। यदि यूनिट बैग/पैकेज का वजन 20 किलोग्राम से अधिक और 40 किलोग्राम तक है, तो केवल हेड लोड के लिए कुली को प्रति यूनिट अतिरिक्त 50/- का भुगतान करना होगा (पहिएदार बैरो पर सामान के लिए नहीं)

1 जून, 2025 से प्रभावी पोर्टरेज शुल्क की संशोधित दरें इस प्रकार हैंः

अ] हेड लोड की प्रति ट्रिप दरेंः

हेड लोड सेवाओं के लिए शुल्क स्टेशन की श्रेणी के आधार पर अलग-अलग होते हैं। मुंबई सेंट्रल, सूरत, अहमदाबाद, बांद्रा टर्मिनस, वापी, वडोदरा, इंदौर, रतलाम, साबरमती, राजकोट, उज्जैन और गांधीधाम स्टेशनों के साथ-साथ एनएसजी 3 और एनएसजी 4 के रूप में वगीर्कृत अन्य गैर-उपनगरीय स्टेशनों के लिए लागू शुल्क 100/- है।

एनएसजी5, एनएसजी6, एचजी1, एचजी2 और एचजी3 के रूप में वगीर्कृत शेष गैर-उपनगरीय स्टेशनों के लिए शुल्क 80/- होगा।

इसी प्रकार, पश्चिम रेलवे के सभी उपनगरीय स्टेशनों पर भी शुल्क 100/- रहेगा।

दादर पश्चिम रेलवे से दादर सेंट्रल तक सामान ले जाने के लिए लागू शुल्क 100/- है।

ब] पहिएदार बैरो की प्रति यात्रा दरेंः

यात्री 160 किलोग्राम तक के सामान को ढोने के लिए पहिएदार बैरो सेवा (दो या चार पहियों वाली बैरो) का लाभ भी उठा सकते हैं, जिसकी दर 150/- प्रति यात्रा है। यह सेवा खास तौर पर भारी या भारी सामान ढोने वालों के लिए उपयोगी है।

स] बीमार या विकलांग व्यक्तियों को ले जाने की दरें :

रेलवे ने बीमार या विकलांग व्यक्तियों को ले जाने के लिए विशेष दरें शुरू की हैं। जब दो व्यक्ति व्हील चेयर या स्ट्रेचर पर ले जाए जाते हैं, तो शुल्क 150/- है, जबकि चार व्यक्तियों द्वारा ले जाए जाने पर 200/- का शुल्क लागू होता है।

द] प्रतीक्षा शुल्क :

रेलवे द्वारा यात्रियों के लिए प्रतीक्षा शुल्क की सुविधा भी निर्धारित की गई है। पहले 30 मिनट निःशुल्क हैं, उसके बाद हर आधे घंटे या उसके हिस्से के लिए शुल्क लिया जाएगा। स्टेशन श्रेणी के अनुसार दरें अलग-अलग होती हैं। मुंबई सेंट्रल, सूरत, अहमदाबाद, बांद्रा टर्मिनस, वापी, वडोदरा, इंदौर, रतलाम, साबरमती, राजकोट, उज्जैन और गांधीधाम स्टेशनों के साथ-साथ एनएसजी3 और एनएसजी4 के रूप में वगीर्कृत अन्य गैर-उपनगरीय स्टेशनों के लिए 100/- का शुल्क लागू है।

# शिवसेना सांसद के ड्राइवर को सालार जंग के परिजनों से गिफ्ट में मिली 150 करोड़ की जमीन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पुणे/छत्रपति संभाजीनगरः महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के सांसद के ड्राइवर को 150 करोड़ की जमीन तोहफे में मिलने पर विवाद खड़ा हो गया है। ड्राइवर को यह जमीन हैदराबाद रियासत के मशहूर सालार जंग के परिजनों ने दी है। छत्रपति संभाजीनगर से सांसद संदीपनराव भुमरे के ड्राइवर जावेद रसूल शेख को गिफ्ट में मिली जमीन की कीमत की 150 करोड़ रुपये के करीब है।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने मां की याचिका पर मृत बेटे के वीर्य को सुरक्षित रखने का दिया आदेश

बॉम्बे हाई कोर्ट एक बेहद ही अलग तरह के मामले में मृत युवक के वीर्य को सुरक्षित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आईवीएफ सेंटर से कहा है कि मामले की सुनवाई तक सीमेन के सुरक्षित सैंपल को नष्ट नहीं किया जाए।

**पश्चिम रेलवे**

**टीआरडी कार्य**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सब), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल द्वारा **ई-निविदा सूचना क्रमांकः डब्ल्यूआर-एमएमसीटी ओईएसयूबी(ईएसओटी)/16/2025 दिनांकः 24.06.2025** आमंत्रित की जाती हैं. **कार्य का नामः** अंधेरी में परिचालन संबंधी बाधाओं को दूर करने हेतु नियंत्रण टॉवर को नए स्थान पर स्थानांतरित करने के पश्चात यार्ड पुनर्रचना के संदर्भ में टीआरडी कार्य. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 1,20,06,959/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 2,10,000/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 25.07.2025, दोपहर 15.00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि व समयः** 25.07.2025 को दोपहर 15.30 बजे, अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अवलोकन करें. 326

Like us on : facebook.com/WesternRly

**महाराष्ट्र सरकार**

**सार्वजनिक निर्माण विभाग**

**ई-निविदा सूचना क्र. 23 वर्ष 2025–2026 हेतु**

कार्यकारी अभियंता, प्रेसिडेन्सी डिवीजन, सार्वजनिक निर्माण विभाग, द्वितीय मंज़िल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई – 400 001 (दूरभाषः 22016975 / 22016977) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एजेंसियों से बी–2 प्रपत्र में ऑनलाइन ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. सभी अथवा किसी एक निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है.

| अ. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (लाख रु.) |
|---|---|---|
| 1 | मेजेस्टिक आमदार निवास भवन, मुंबई का आंतरिक नवीनीकरण एवं पुनः उपयोग (विद्युत कार्य सहित) | 5872.42 |

जारी करने की अवधिः 30.06.2025 से 14.07.2025

पूर्व–बोली मीटिंगः 08.07.2025 (मुख्य अभियंता कार्यालय, चौथी मंज़िल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई – 400001, समयः दोपहर 3.00 बजे)

निविदा खोलने की तिथिः 16.07.2025

निविदा सूचना से संबंधित सभी संशोधन/परिवर्तन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जाएंगे, वे केवल ई–निविदा प्रणाली में प्रकाशित किए जाएंगे.

सभी विस्तृत जानकारी निम्नलिखित वेबसाइट्स पर उपलब्ध हैः

1. www.mahapwd.com 2. www.mahatenders.gov.in

नं.: पीडी/टीसी/6920

कार्यालयः कार्यकारी अभियंता,

प्रेसिडेन्सी डिवीजन, सार्वजनिक निर्माण विभाग,

द्वितीय मंज़िल, बांधकाम भवन, 25 मर्झबान रोड, फोर्ट, मुंबई – 400001

ई–मेलः presidency.ee@mahapwd.gov.in

दिनांकः 24–06–2025

हस्ता./-

(वी.ए. पाटस्कर)

कार्यकारी अभियंता, प्रेसिडेन्सी डिवीजन, मुंबई

डीजीआयपीआर/2025-2026/1411

**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है। **निविदा क्र.:** 17-2025-SrDENS **कार्य का नाम: 1.** Improvement to Gate Lodges and other miscellaneous works for safety of road users in Sr.DEN/S section at LC Gates No. 40,42,61,66 & 74 in KWV-DUD section. **2.** Provision of Rubberized surface at LC 03 in SUR-WD, Improvement to approach road at LC 61,74,82,91,3 in SUR-WD & provision of standard height gauge at LC 82,91 & 3 in SUR-WD section. **अनुमानित लागत:** Rs.1,55,11,749.78 **बयाना रक्कम:** Rs. 2,27,600.00 **समापन की अवधी:** 06 Months **अनुरक्षण की अवधी:** 60 Months **निविदा क्र.:** 18-2025-SrDENS **कार्य का नाम:** Vegetation and jungle cleaning at various railway colonies, offices, service buildings in WDS-DUD section (incl. SUR) two times in a year for two years under ADEN/W/SUR **अनुमानित लागत:** Rs.2,66,45,110.17 **बयाना रक्कम:** Rs. 28,32,000.00 **समापन की अवधी:** 24 Months **अनुरक्षण की अवधी:** NA **www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय:** 11/07/2025 को 15.00 बजे तक **www.ireps.gov.in इस वेबसाईट पर टेंडर खुलने का अंतिम दिनांक और समय:** 11/07/2025 को 15.30 बजे तक * निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोड़ बदलाव/शुध्दिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य)**

**मध्य रेलवे सोलापूर**

Apex-065

**अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है**

**पश्चिम रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा निविदा सूचना क्रमांकः बीसीटी/25-26/98 दिनांक 24.06.2025 आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थानः चर्नी रोड स्टेशन – इनडोर एवं आउटडोर सिग्नलिंग गियर को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से प्रतिस्थापित किए जाने के संदर्भ में चर्नी रोड स्टेशन पर आउटडोर सिग्नलिंग कार्य के साथ ही साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली की डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, प्रोग्रामिंग, परीक्षण एवं कमीशनिंग कार्य. (संयुक्त निविदा) (आर-1), कार्य की अनुमानित लागतः** रु.1,53,61,950.34, **ईएमडीः** रु.2,26,800/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समयः** 22.07.2025, दोपहर 15.00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि व समयः** 22.07.2025, दोपहर 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अवलोकन करें. 0327

Like us on : facebook.com/WesternRly

**मध्य रेलवे**

**सोलापुर मंडल**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मंडल रेल प्रबंधक (निर्माण), मध्य रेलवे, सोलापुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. **निविदा सूचना क्रमांकः** 19-2025-वरि.डीईएनएस, कार्य का नामः ट्रैक मशीन के स्पेयर पार्ट्स, उपभोज्य सामग्री एवं असेम्बली का दो वर्षों की अवधि के लिए परिवहन कार्य. **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 21,21,701.28, बयाना रकम : रु. 42,400.00, **कार्य की पूर्णता अवधिः** 24 माह, रखरखाव अवधिः शून्य, उद्धृत निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समयः 09/07/2025, अपराह्न 15.00 बजे तक, **www.ireps.gov.in** पर **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 09/07/2025, अपराह्न 15.30 बजे. सभी इच्छुक निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि निविदा समापन तिथि से पूर्व उक्त निविदा हेतु जारी किसी भी परिवर्तन/संशोधन की जानकारी हेतु वेबसाइट का नियमित अवलोकन करें. वेबसाइटः **www.ireps.gov.in**

**मंडल रेल प्रबंधक (निर्माण)**

**मध्य रेलवे, सोलापुर**

Apex-063

**अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है**

# पश्चिम रेलवे द्वारा उधना एवं मंगलूरु जं. के बीच द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरे विस्तारित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से 09057/09058 उधना-मंगलूरु जं. द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों को विस्तार किया गया है।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

ट्रेन संख्या 09057/09058 उधना-मंगलूरु जं. द्वि-साप्ताहिक स्पेशलः

ट्रेन संख्या 09057 उधना-मंगलूरु जं. स्पेशल को 28 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09058 मंगलूरु जं.-उधना स्पेशल को 29 सितंबर, 2025 तक विस्तारित किया गया है।

ट्रेन संख्या 09057 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 29 जून, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेन के ठहराव, समय और संरचना के समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www. enquiry. indianrail.gov.inपर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# ठाणे निर्वाचन क्षेत्र के हर परिवार को महानगर गैस कनेक्शन :संजय केलकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , पिछले तीन वर्षों में विधायक संजय केलकर ने पुराने ठाणे शहर के साथ-साथ ढोकली, माजीवडा, कोलशेत, बालकुम आदि क्षेत्रों में 6500 से अधिक घरों में महानगर गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। इससे हजारों परिवारों को राहत मिली है। अब ठाणे विधानसभा क्षेत्र के हर परिवार गैस कनेक्शन दिया जायेगा। मसुदा, खासकर, चरई आदि इलाके में जल्द कनेक्शन मिलेगानागरिकों को खाना पकाने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसलिए, नागरिकों का रुझान महानगर गैस कंपनी की ओर बढ़ने लगा है जो चैनलों के माध्यम से इमारतों में घरेलू गैस की आपूर्ति करती है। हालांकि, समय लेने वाली और जटिल प्रक्रिया के कारण नागरिकों को यह गैस कनेक्शन प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक संजय केलकर ने नागरिकों की इस समस्या को समझते हुए तीन साल पहले ठाणे शहर निर्वाचन क्षेत्र के नागरिकों को महानगर गैस कनेक्शन प्रदान करने का संकल्प लिया। और इस प्रक्रिया में, उन्होंने अब तक 6500 से अधिक परिवारों को गैस कनेक्शन प्रदान किए हैं। इसमें पुराने ठाणे शहर के साथ ढोकली, माजीवडा, कोलशेत, बालकुम आदि क्षेत्रों के हजारों परिवार शामिल हैं। केलकर निर्वाचन क्षेत्र के हर परिवार को गैस कनेक्शन देने के लिए कृतसंकल्पित हैं।मसुंदा, खारकर अली, चरई, उथलसर और आसपास के क्षेत्रों में भी यह कनेक्शन हो चुका है और जल्द ही चालू हो जाएगा। पूर्व नगरसेवक सुनेश जोशी, नीलेश कोली, रवि रेड्डी, नीलेश पाटिल, तन्मय भोईर, मनपा और महानगर गैस के प्रतिनिधियों के सहयोग से यह अभियान वर्तमान में जोरों पर है। उल्लेखनीय है कि विधायक संजय केलकर लगातार इस काम का अनुसरण कर रहे हैं और हर 15 दिन में निवासियों और महानगर गैस के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर रहे हैं। इससे लंबित समस्याओं का समाधान हुआ है और गैस कनेक्शन के काम में तेजी आई है।

# घोड़बंदर रोड पर धीमी गति से चल रहे काम से नागरिक परेशान, ठाणे कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,घोड़बंदर रोड पर एमएमआरडीए और मनपा सहित विभिन्न एजेंसियों द्वारा बड़े पैमाने पर काम चल रहा है। विकास कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिससे नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है। भारी यातायात वाले इस रोड पर मेट्रो को घोड़बंदर सर्विस रोड से मुख्य रोड में मिलाने का काम, फ्लाईओवर और उस पर बने गड्ढे, खुली नालियां और जगह-जगह की गई खुदाई के कारण रोड की हालत खस्ता हो गई है और लोग अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। ट्रैफिक जाम के कारण उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस संबंध में प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण के नेतृत्व में घोड़बंदर रोड पर आनंद नगर नाका पर कांग्रेस पार्टी के माध्यम से धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र आव्हाड, धर्मराज्य पार्टी के अध्यक्ष राजन राजे और विभिन्न संगठनों ने उपस्थित होकर इस विरोध प्रदर्शन को समर्थन दिया। भारतीय जनता पार्टी के विधायक निरंजन डावखरे ने विरोध स्थल पर आकर इस विरोध प्रदर्शन के संबंध में मुख्यमंत्री को दिए जाने वाले ज्ञापन को स्वीकार किया और साथ ही आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री तक अपनी भावनाएं पहुंचाएंगे। इस अवसर पर बोलते हुए चव्हाण ने कहा कि मेट्रो रूट और कार शेड के लिए भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण कार शेड का निर्माण नहीं हो पाया है। कई जगहों पर मेट्रो के पिलर नहीं खड़े हो पाए हैं, मेट्रो स्टेशन का काम अधूरा है। खड़े किए गए पिलर पर गर्डर नहीं रखे गए हैं और कई अन्य अपर्याप्त और त्रुटिपूर्ण काम हैं। कुल मिलाकर स्थिति से यह स्पष्ट है कि कई वर्षों से रुका हुआ मेट्रो का काम निकट भविष्य में पूरा नहीं हो पाएगा। साथ ही, भीड़ के समय प्रतिबंध के बावजूद शहर में भारी वाहनों का प्रवेश, यातायात पुलिस और यातायात वार्डन की कमी, शहर में चल रही अवैध यात्री यातायात, ट्रक टर्मिनस और बस डिपो जैसी सुविधाओं की कमी, ठेकेदार द्वारा नियम और शर्तों का उल्लंघन, मनपा और एमएमआरडीए के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की निगरानी के लिए विशेषज्ञ अधिकारियों की कमी, ये सभी चीजें यातायात की भीड़ का कारण बन रही हैं। इसके कारण पिछले दस से पंद्रह वर्षों में कई लोगों की दुर्घटनाओं में जान चली गई है।प्रशासन की लापरवाही के कारण इन कार्यों की उपेक्षा और काम में ढिलाई बरती गई है। देरी के कारण नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हमें सड़कों पर उतरना पड़ा, उन्होंने प्रशासन के रुख की कड़ी निंदा की। प्रशासनिक तंत्र द्वारा उनकी मांगों पर तुरंत ध्यान देने के बाद पांच घंटे के बाद विरोध प्रदर्शन वापस ले लिया गया। लेकिन ठाणे कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने भी चेतावनी दी है कि अगर आज के विरोध प्रदर्शन के माध्यम से भी प्रशासन सकारात्मक कदम नहीं उठाता है और उचित कदम नहीं उठाता है, तो हमें उग्र आंदोलन करना पड़ेगा। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपना गुस्सा जाहिर किया। इस प्रदर्शन में ठाणे कांग्रेस के प्रवक्ता राहुल पिंगले, भालचंद्र महादिक, राजेश जाधव, प्रदीप राव, रमेश इंदिसे, महेंद्र म्हात्रे, रवींद्र कोली, उमेश कांबले, निशिकांत कोली, स्मिता वैती, संगीता कोटाल, शीतल अहेर, शिल्पा सोनोने, हिंदूराव गाल्वे, अजिंक्य भोईर, स्वप्निल कोली, उमेश सिंह, श्रीकांत गाडिलकर, अंजनी सिंह, नीलेश पाटिल, वसीम सैयद, राजू शेट्टी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस विरोध प्रदर्शन में यासीन मोमिन, जयेश परमार, नुर्शीद शेख मौजूद थे।




फास्ट ट्रैक

# मंदिर बाउंड्री निर्माण को लेकर विवाद

## शाहजहांपुर में हिंदू युवा वाहिनी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पैमाइश तक रुका काम

शाहजहांपुर, तिलहर में मंदिर निर्माण को लेकर विवाद सामने आया है। हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री नीरज वर्मा ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। तहसील क्षेत्र के जोहाना गांव में मंदिर और कब्रिस्तान की जमीन एक-दूसरे से सटी हुई है। मंदिर की बाउंड्री और मरम्मत का काम शुरू होते ही विवाद खड़ा हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि दूसरे समुदाय के लोग मारपीट की धमकी दे रहे हैं। यह विवाद नया नहीं है। इससे पहले 2011 में भी मंदिर निर्माण को रोका गया था। तब पुलिस और तहसीलदार की मध्यस्थता में मंदिर और कब्रिस्तान की जमीन का बंटवारा किया गया था। एसडीएम रविंद्र कुमार ने ज्ञापन लेने के बाद न्याय का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जमीन की पैमाइश होने तक निर्माण कार्य रोका जाए। इस बात पर सभी पक्षों ने सहमति जता दी।



# टाडा फाल में डूबने से युवक की मौत

## दोस्तों के सात घूमने आया था, पैर फिसलने से हादसा हुआ

मिर्जापुर, लालगंज थाना क्षेत्र के टांडा फाल में एक दुखद घटना सामने आई। भदोही जनपद के गोपीगंज थाना क्षेत्र के सरई मिश्रानी गांव से पिकनिक मनाने आए अजय कुमार बिंद की डूबने से मौत हो गई। उस समय हुई जब अजय अपने 10 दोस्तों के साथ पिकनिक मना रहा था। खाना खाने के बाद जब वह हाथ धोने के लिए पानी में उतरा, तभी उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। उसके साथी कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह पानी में समा गया। सूचना मिलते ही हंड्रेड डायल पुलिस और लहंगपुर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया है। रात होने के कारण गोताखोर शनिवार सुबह पहुंचेंगे और सर्च ऑपरेशन शुरू करेंगे। अजय के साथ आए दोस्तों में लवकुश (27), दिलीप बिंद (27), राहुल सरोज (28), मंगल (22), हनुमान (22), अनुज बिंद (17), प्रदीप (18), आशीष (25), अनूज कुमार (23) शामिल थे। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए हैं।

# रथ यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

## मिर्जापुर में राधा कृष्ण मंदिर से निकली यात्रा, भक्तों ने की पुष्प वर्षा और आरती

मिर्जापुर, अहरौरा में आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। सत्यानगंज मोहल्ले स्थित राधा कृष्ण मंदिर से शाम 6 बजे रथ यात्रा शुरू हुई। रथ पर भगवान कृष्ण, बलराम और बहन सुभद्रा विराजमान थे। भक्तों ने स्वयं रथ को खींचकर नगर भ्रमण कराया। यात्रा नई बाजार के पास स्थित सामुदायिक भवन से होते हुए चौक बाजार खरंजा और पांडेय जी दक्षिणी फाटक पहाड़ी तक पहुंची। यात्रा के दौरान भक्तों ने कई स्थानों पर रथ को रोककर ठाकुर जी की आरती उतारी। स्थानीय लोगों ने अपनी छतों और बालकनी से पुष्प वर्षा की। पुजारी अमरेश चंद्र पांडेय (मगरू महराज) ने पूजा-अर्चना की।

# राज्य में अब कोई भी आधारभूत सुविधा परियोजना नहीं रुकेगी, तीन वर्षों में पूर्ण करें - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

## बोरीवली से ठाणे डबल टनल परियोजना की समीक्षा बैठक में निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई ,मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में अब से कोई भी आधारभूत सुविधा परियोजना लंबित नहीं रहनी चाहिए और सभी परियोजनाएं आगामी तीन वर्षों में पूरी की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री विधान भवन स्थित कैबिनेट कक्ष में बोरीवली से ठाणे डबल टनल परियोजना की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि इस डबल टनल परियोजना में प्रभावित नागरिकों का स्थायी पुनर्वास अनिवार्य है, और परियोजना को दिसंबर 2028 तक हर हाल में पूरा किया जाए।उन्होंने बताया कि यह डबल टनल 11.84 किलोमीटर लंबा होगा और इसके भीतर वायु संचार की व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। इसके लिए संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने की कार्यवाही तुरंत की जाए। परियोजना निर्माण हेतु वन विभाग की द्वितीय चरण की अनुमति तथा रात्रिकालीन कार्य की अनुमति भी प्राप्त की जाए। बोरीवली की ओर कार्य में तेजी लाने और वहां के परियोजना प्रभावितों के पुनर्वसन के लिए एक विशेष अभियान चलाकर एक माह में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए। प्रभावित नागरिकों को किराया देकर अथवा अन्य गृहनिर्माण परियोजनाओं में पुनर्वसित करने के लिए संबंधित अधिकारी की नियुक्ति की जाए और वह अधिकारी एक महीने के भीतर कार्यवाही पूरी करें, ऐसा स्पष्ट निर्देश दिया गया। बोरीवली की ओर अदानी व टाटा पावर की जिन जमीनों की आवश्यकता है, उनका शीघ्र अधिग्रहण किया जाए। इसके साथ ही भूमिगत विद्युत लाइनों के लिए अदानी पावर कंपनी को अंतिम सड़क योजना की अनुमति भी प्रदान की जाए। बैठक में मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (MMRDA) के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने प्रेजेंटेशन दिया। इस बैठक में मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुंबई मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, अतिरिक्त महानगर आयुक्त अश्विन मुदगल, अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक रामराव, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान की संचालक अनीता पाटिल, म्हाडा के सीईओ संजय जायसवाल, ठाणे जिलाधिकारी अशोक शिंगारे और ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डबल टनल परियोजना की मुख्य जानकारी :

लंबाई: 11.84 किलोमीटर (दो पैकेजों में निर्माण)

पैकेज-1: 5.75 किमी (बोरीवली पक्ष) लागत ?6,178 करोड़

पैकेज-2: 6.09 किमी (ठाणे पक्ष) लागत ?5,879 करोड़

कुल अनुमानित खर्च: 12,057 करोड़

पर्यावरण लाभ: हर वर्ष 1.4 लाख मैट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी

यात्रा समय में कमी: वर्तमान में ठाणे से बोरीवली की यात्रा में 1 से 1.25 घंटे लगते हैं; टनल बनने के बाद यह समय घटकर सिर्फ 15 मिनट हो जाएगा ईंधन की बचत: बड़ी मात्रा में इंधन की भी बचत होगी।

# अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के एक नवीन जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन समारंभ संपन्न

- एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल ने बुआपाडा वार्ड क्रमांक 08 के अध्यक्ष सलीम खान के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन किया।
- उद्घाटन अवसर पर स्कूली बच्चों को नोटबुक का वितरण भी किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ शहर ब्लॉक कांग्रेस कमिटी में आगामी नगरपालिका चुनाव को लेकर सरगर्मियां और चुनावी तैयारियों को लेकर हलचल तेज हो गई है। शहर अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल के नेतृत्व में निरंतर जनहितकारी कार्यों, विविध गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार 27 जून को अंबरनाथ पश्चिम स्थित बुआपाडा वार्ड क्रमांक 08 के वार्ड अध्यक्ष सलीम खान के जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन शहर अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव अनीता प्रजापति भी उपस्थित थी। कांग्रेसी के सक्रिय और युवा नेता वार्ड क्रमांक 08 के वार्ड अध्यक्ष सलीम खान ने जनसंपर्क कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि स्थानीय नागरिकों को पार्टी से जोड़ने और उनकी समस्याओं को सुनने, समझने और दूर करने के लिए यह जनसंपर्क कार्यालय खोला गया है। उद्घाटन अवसर पर लगभग 250 स्कूली विद्यार्थियों को नोटबुक का वितरण भी किया गया। अभी हाल ही में उनके द्वारा निःशुल्क एंबुलेंस सेवा भी प्रारंभ की गई थी। उक्त कार्यक्रम में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा रसाल पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी नगरपालिका चुनाव को देखते हुए शहर में कांग्रेस पार्टी को आम नागरिकों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पार्टी अपने स्तर पर चुनाव को लेकर गंभीर है और प्रत्येक वार्ड में कांग्रेस के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी आगामी चुनाव में अच्छे से अच्छा प्रदर्शन करने का भरसक प्रयत्न करेगी। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी रोहित कुमार प्रजापति ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



# एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी गोदान एक्सप्रेस का गोंडा तक और एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस का आजमगढ़ तक अस्थायी आधार पर विस्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मध्य रेल ने गोरखपुर में चल रहे कार्य के कारण तत्काल प्रभाव से गोरखपुर जाने वाली दो ट्रेनों का गोंडा और आजमगढ़ तक अस्थायी आधार पर विस्तार करने का निर्णय लिया है।

एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी गोदान एक्सप्रेस का गोंडा तक विस्तार

ट्रेन संख्या 11055 अब दिनांक 07.12.2025 तक गोंडा (गोरखपुर के बजाय) तक चलेगी,

ट्रेन एलटीटी से 10.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 23.00 बजे गोंडा पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 11056 अब 07.12.2025 तक गोंडा (गोरखपुर के बजाय) से प्रस्थान करेगी।

यह ट्रेन गोंडा से 03.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15.30 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

एलटीटी-गोरखपुर-एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को आजमगढ़ तक अस्थायी आधार पर विस्तार

ट्रेन संख्या 20103 अब 05.12.2025 तक (गोरखपुर के बजाय) आजमगढ़ तक चलेगी।

ट्रेन एलटीटी से 05.23 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15.15 बजे आजमगढ़ पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 20104 अब दिनांक 06.12.2025 तक (गोरखपुर के बजाय) आजमगढ़ से प्रस्थान करेगी।

ट्रेन आजमगढ़ से 18.50 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 04.35 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

# टैंकर ने 7 को रौंदा, 3 की मौत:कार सवार कैंचीधाम जा रहे थे

## बाइक सवारों से झगड़ा होने पर खड़े थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, हाईवे किनारे खड़े 7 लोगों को टैंकर ने रौंद दिया। 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 गंभीर घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। मरने वालों में बाराबंकी के दो दोस्त और रामपुर का एक बाइक सवार शामिल हैं। 3 घायलों को लखनऊ, जबकि एक बाइक सवार को बरेली रेफर किया गया है। घटना गुरुवार देर रात कटरा थाना क्षेत्र फीलनगर के पास की है। कार सवार 6 लोग बाराबंकी से कैंची धाम दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में केटीएम बाइक सवारों से विवाद हो गया। इस पर कार रोककर 5 लोग नीचे उतर गए और बाइक सवार दो युवकों को समझाने लगे। इसी दौरान टैंकर ने सभी 7 लोगों को कुचल दिया। बाराबंकी थाना कोतवाली नगर के आवास विकास कॉलोनी निवासी विवेक मिश्रा (35) अपने दोस्त जीएसटी कार्यालय के बाबू योगेश कुरील (50), नरेंद्र चौधरी, महेश, शिवकुमार और एक अन्य के साथ कार से गुरुवार रात कैंची धाम दर्शन करने जा रहे थे। कार कटरा थाना क्षेत्र फीलनगर के पास पहुंचे, तभी केटीएम बाइक सवार से विवाद हो गया। बाइक चला रहे जुनैद और मुबस्सिर अली रामपुर के रहने वाले थे। कार सवारों ने उनको रोका और समझाने लगे। तभी तेज रफ्तार टैंकर ने सभी को कुचल दिया। सभी घायलों को सीएचसी भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने विवेक मिश्रा और जीएसटी कार्यालय के बाबू योगेश कुरील को मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र, महेश और शिवकुमार को लखनऊ रेफर कर दिया। हादसे में घायल बाइक सवार जुनैद और मुबस्सिर को बरेली रेफर किया गया। जहां डॉक्टर ने मुबस्सिर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने विवेक और योगेश के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और परिवार को सूचना दे दी है। सभी कैंची धाम के लिए निकले थे मृतक विवेक के भाई धरमानंद मिश्रा ने बताया- मेरी इलेक्ट्रिक की दुकान है। विवेक भी दुकान पर बैठता था। उनके दोस्त महेश अपनी कार लेकर घर आए थे। फिर उन्होंने अपनी कार घर पर खड़ी कर दी थी और विवेक अपने दोस्त की कार से कैंचीधाम जाने के लिए निकले थे। उनके साथ सभी दोस्त थे। जीएसटी कार्यालय में बाबू की पत्नी की हालत खराब उन्होंने कहा कि हादसे में मरने वाले योगेश कुरील जीएसटी कार्यालय में बाबू हैं।

जब उनकी पत्नी को हादसे की जानकारी मिली तो वह बेसुध हो गई। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। उनके परिवार से शाहजहांपुर आने वाला कोई नहीं है।

# दहेज में 50 हजार और वाशिंग मशीन की मांग

## पति ने पत्नी को पीटा और मायके भेजा, पुलिस ने केस दर्ज किया




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, रूकनपुर हुसैनपुर गांव की रेश्मा ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। रेश्मा की शादी तीन साल पहले हरदोई जिले के पचदेवरा क्षेत्र निवासी जावेद अली से हुई थी। शादी में रेश्मा के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। दो साल तक सब कुछ ठीक चला। इसके बाद पति जावेद ने 50 हजार रुपये नकद और एक वाशिंग मशीन की मांग शुरू कर दी। रेश्मा ने पति को समझाया कि उसके पिता की इतनी हैसियत नहीं है। जावेद ने रेश्मा के साथ मारपीट की और उसे मायके छोड़कर चला गया। उसने धमकी दी कि अगर दहेज की मांग पूरी नहीं की या बिना दहेज के ससुराल लौटी, तो जान से मार देगा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# जल जीवन मिशन की टंकी से आ रहा दूषित पानी

## गंदे पानी से एक की मौत, 40 ग्रामीण अस्पताल में भर्ती

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मिर्जापुर, चील्ह थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत दूषित पेयजल आपूर्ति से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। करीब 40 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। 55 वर्षीय हौसिला प्रसाद यादव की दूषित जल पीने से मौत हुई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 20 पीड़ितों को मंडलीय अस्पताल भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर मरीजों को दवाएं वितरित कीं। सुरक्षा के लिए ओवर हेड टैंक से जलापूर्ति रोक दी गई है। अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह ने मौके का निरीक्षण किया। पानी के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। घटना की जांच के लिए 3 सदस्यीय टीम गठित की गई है। प्रभारी चिकित्साधिकारी धीरज जायसवाल अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि नल से गंदा पानी आने के कारण लोग बीमार हुए हैं। ग्रामीण महाजन यादव और विनोद यादव ने बताया कि दूषित जलापूर्ति की शिकायत पहले भी की गई थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक से निकले एडीएम ने गांवों में किया निरीक्षण



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एडीएम अरविंद कुमार ने अनोखे अंदाज में बाइक से गांवों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिला पंचायत राज अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभालने के बाद उन्होंने यह कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान विभिन्न गांवों में छह सफाईकर्मी अपनी ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित पाए गए। विकास खंड तिलहर के रोशननगर गांव में दीपकमल आर्य और ढकिया शोभा गांव में सुखवीर सिंह नदारद थे। इन कर्मचारियों ने अपनी जगह निजी तौर पर अन्य सफाईकर्मियों को काम पर लगा रखा था। ददरौल विकास खंड के हिसमाह गांव में रामकुमारी, तिलहर के मोहनपुर में संजय कुमार, मित्रपुर कलूआ में मोहम्मद यूसुफ और नौगाई में गायत्री देवी भी अपने तैनाती स्थल पर नहीं मिलीं। एडीएम ने इन सभी छह सफाईकर्मियों को तत्काल निलंबित कर दिया। एडीएम अरविंद कुमार पहले भी अपने अनूठे कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। वह रात में मिट्टी खनन की जांच और अवैध रूप से स्टॉक किए गए


## भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ईरान पर हमले के लिए अमेरिका ने बनाया बंकर-बस्टर बम

## 15 साल में तैयार; चट्टान के 200 फीट नीचे ईरान का एटमी प्रोग्राम तबाह किया

एजेंसी

तेहरान, अमेरिका ने पिछले हफ्ते 21 जून को ईरान की फोर्डो परमाणु साइट पर हमला किया था। इस हमले में अमेरिका ने पहली बार 30,000 पाउंड वजनी जीबीयू-57 सीरीज के 'बंकर बस्टर' बमों का इस्तेमाल किया था। ये बम खास तौर पर गहरे बंकरों और जमीन के नीचे बनी साइट्स को नष्ट करने के लिए बनाए गए हैं। अमेरिकी सेना के चेयरमैन लेफ्टिनेंट जनरल डैन केन ने गुरुवार को बताया कि इन बमों को बनाने में 15 साल लगे। 2009 में जब अमेरिका को ईरान की फोर्डो साइट के बारे में पता चला, तब उनके पास इसे तबाह करने के लिए कोई सही हथियार नहीं था। इसके बाद अमेरिका ने इन शक्तिशाली बमों को डेवलप किया। अमेरिका ने ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर 7 बी-2 बॉम्बर से हमला किया था। बी-2 बॉम्बर ने




फोर्डो और नतांज साइट पर एक दर्जन से ज्यादा जीबीयू-57 बंकर बस्टर बम गिराए। ईरान पर अमेरिकी हमले का नाम ऑपरेशन मिडनाइट हैमर था। इस हमले में फोर्डो साइट के दो मुख्य वेंटिलेशन शाफ्ट्स को निशाना बनाया गया। ईरान ने इन शाफ्ट्स को कंक्रीट से बंद करने की कोशिश की थी, लेकिन अमेरिकी सेना ने पहले से इसकी तैयारी कर ली थी। पहला बम कंक्रीट को तोड़ने के लिए इस्तेमाल हुआ, जिससे शाफ्ट खुल गया। फिर चार बमों को मेन शाफ्ट पर गिराया गया, जो 1,000 फीट प्रति सेकेंड की रफ्तार से साइट के अंदर गिरे और जोरदार विस्फोट किया। जनरल केन ने बताया कि इस ऑपरेशन में 15 साल की मेहनत शामिल थी। पायलटों, हथियार बनाने वाली टीम और लोड क्रू ने मिलकर इस हमले को सफल बनाया। जीबीयू-57 को मासिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर (एमओपी) भी कहते हैं, एक ऐसा बम है जो जमीन के 60 मीटर (200 फीट) नीचे तक घुसकर विस्फोट कर सकता है। यह बम खास तौर पर गहरे बंकरों और सुरक्षित ठिकानों को तबाह करने के लिए बनाया गया है। वॉशिंगटन के सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) के मासाओ डाहलग्रेन ने बताया कि इस बम में मोटी स्टील की परत होती है, जो चट्टानों और कंक्रीट को तोड़कर अंदर घुस सकती है। इसमें एक खास फ्यूज भी है, जो भारी दबाव और झटके सहने के बाद भी सही समय पर विस्फोट करता है। यह बम केवल बी-2 स्पिरिट स्टेल्थ बॉम्बर विमान से ही गिराया जा सकता है। बी-2 एक ऐसा विमान है जो दुश्मन की मजबूत डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकता है और 9,600 किलोमीटर तक बिना रुके उड़ सकता है। 21 जून को ईरान की परमाणु साइट्स पर हमले में अमेरिका ने 7 बी-2 विमानों का इस्तेमाल किया। यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा बी-2 हमला था और दूसरा सबसे लंबा बी-2 मिशन। जनरल डैन केन ने बताया कि कुछ बी-2 विमानों को प्रशांत महासागर की ओर भेजा गया ताकि दुश्मन का ध्यान भटकाया जाए, जबकि असली हमला करने वाले विमान दूसरी दिशा में गए। यह एक सीक्रेट प्लानिंग थी, जिसके बारे में सिर्फ कुछ चुनिंदा लोग जानते थे।

# अमेरिका में जसवंत खालड़ा के नाम पर सरकारी स्कूल खुला

## मानवाधिकार की शिक्षा देगा संस्थान; पत्नी-बेटी रहीं मौजूद, 6 हजार हत्याओं का किया था खुलासा

एजेंसी

अमृतसर, 1980-90 के दशक में पंजाब में सिखों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने वाले जसवंत सिंह खालड़ा के नाम पर अमेरिका में पहला सरकारी स्कूल खोला गया है। इस स्कूल को सेंट्रल यूनिफाइड स्कूल डिस्ट्रिक्ट ने 5 महीने पहले मंजूरी दी थी। स्कूल के उद्घाटन समारोह में खालड़ा की पत्नी परमजीत कौर और बेटी नवकिरण कौर खालड़ा भी मौजूद रहीं। स्कूल प्रशासन ने बताया कि यह संस्थान बच्चों को केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि मानवाधिकार, न्याय और साहस के मूल्यों की भी शिक्षा देगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में सिख समुदाय



के लोग उपस्थित थे। उन्होंने जसवंत सिंह खालड़ा के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की सराहना की। जसवंत सिंह खालड़ा उन हजारों सिख युवकों की आवाज बने, जिन्हें 1980-90 के दशक में पंजाब में अवैध हिरासत में लेकर मार दिया गया और उनके शवों का गुप्त रूप से श्मशान घाटों में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उन्होंने अमृतसर के कई श्मशान घाटों का दौरा कर दस्तावेजी सबूत जुटाए, जिससे खुलासा हुआ कि लगभग 6,000 अज्ञात शवों का गुपचुप तरीके से दाह संस्कार हुआ था। खालड़ा ने यह जानकारी न सिर्फ देश में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी रखी, जिससे भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड पर वैश्विक सवाल खड़े हुए। उनका साहस और संघर्ष आज भी मानवाधिकारों की लड़ाई में प्रेरणा बना हुआ है। 6 सितंबर 1995 को खालड़ा का उनके घर से अपहरण कर लिया गया। परिजनों का आरोप है कि पंजाब पुलिस ने हिरासत में लेकर उन्हें प्रताड़ित किया और मार डाला। लंबे समय तक एफआईआर न होने के बाद उनकी पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की।

अदालत के आदेश पर सीबीआई ने जांच की और चार पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराकर उम्रकैद की सजा दी गई। जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित बायोपिक पंजाब 95 में दिलजीत दोसां- ने उनका किरदार निभाया है।

यह फिल्म पूरी तरह सच्ची घटनाओं और अदालत की कार्यवाही पर आधारित है, लेकिन सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रही है। खालड़ा का परिवार चाहता है कि फिल्म को बिना किसी कट के पास किया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# ओबामा बोले- अमेरिका लोकतंत्र से भटक रहा

## ट्रम्प सरकार देश को खोखला कर रही, ट्रेड वॉर से खतरे में देश की गरिमा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया। प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर कॉक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की। ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वॉर को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। ओबामा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां




चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका भी अब ऐसे ही रास्ते पर बढ़ रहा है, जहां कानून और लोकतंत्र की असली भावना कमजोर हो रही है। ओबामा ने चेतावनी दी कि अमेरिका में भी हालात उस दिशा में बढ़ते दिख रहे हैं। ओबामा ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव का उदाहरण दिया, जिसमें बाइडेन ने जीत हासिल की थी, लेकिन हारने वाले डोनाल्ड ट्रम्प ने धोखाधड़ी के झूठे आरोप लगाए। ओबामा ने पुतिन और केजीबी का उदाहरण दिया ओबामा ने इंटरव्यू में कहा कि सत्ता में बैठे लोग अक्सर उस माहौल का फायदा उठाते हैं, जहां लोगों को यह पता ही नहीं होता कि सच क्या है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन और उनके केजीबी (जासूसी एजेंसी) की एक कहावत है, जिसे अमेरिका में ट्रम्प के सलाहकार स्टीव बैनन ने भी अपनाया। इस कहावत का मतलब है कि अगर आप चाहते हैं कि लोगों का दिमाग उलझ जाए, तो उन्हें सच्चाई समझाने की जरूरत नहीं है। उस माहौल में इतना ज्यादा झूठ और बकवास भर दो कि लोगों को लगे, अब किसी बात पर यकीन करना ही फिजूल है। ओबामा ने आगे कहा- इससे फर्क नहीं पड़ता कि कोई नेता बार-बार झूठ बोल रहा है, या कोई राष्ट्रपति यह दावा कर रहा है कि उसने चुनाव नहीं हारा, बल्कि जीत हासिल की है, और चुनाव में गड़बड़ी हुई थी। लेकिन जब वही नेता चुनाव जीत जाता है

# ईरान को 2.5 लाख करोड़ देने की तैयारी में अमेरिका

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में इन्वेस्टमेंट करेगा; कई प्रतिबंधों में राहत भी देगा

एजेंसी

तेहरान/तेल अवीव, अमेरिका, ईरान को उसके सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम को विकसित करने में मदद करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत ईरान यूरेनियम का संवर्धन किए बिना सिविल एनर्जी के लिए परमाणु कार्यक्रम शुरू कर सकता है। इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रतिबंधों से भी छूट मिल सकती है और उसे विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर तक की राशि तक पहुंच मिल सकती है, जिस पर फिलहाल प्रतिबंध है। सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम ऐसा परमाणु कार्यक्रम होता है जिसका इस्तेमाल सिर्फ बिजली या ऊर्जा बनाने के लिए किया जाता है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसमें न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जाते हैं जो परमाणु रिएक्शन का उपयोग कर बिजली पैदा करते हैं। इसका सैन्य उद्देश्यों या हथियारों से कोई लेना-देना नहीं होता। यह कदम अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश का हिस्सा बताया जा रहा है। 20 जून को व्हाइट हाउस में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और खाड़ी देशों के नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अमेरिका का कहना है कि वह इस कार्यक्रम के लिए सीधे पैसे नहीं देगा, बल्कि उम्मीद है कि खाड़ी के दूसरे देश इसमें निवेश करेंगे।



# यह प्रशांत किशोर या जन सुराज की जीत नहीं होगी

## यह जनता की जीत होगी, बिहार में फिर भरी हुंकार



एजेंसी

**प्रशांत किशोर ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की आलोचना की, उनकी राजनीतिक साख पर सवाल उठाया और दावा किया कि वह अपने पिता लालू प्रसाद यादव की बदौलत इस पद पर हैं।**

बिहार के भोजपुर में बदलाव रैली को संबोधित करते हुए जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है कि बिहार की जनता इस बार नंबर वन रहेगी, लालू यादव, नीतीश कुमार और पीएम मोदी सब नीचे जाएंगे। यह प्रशांत किशोर या जन सुराज की जीत नहीं होगी, यह जनता की जीत होगी। उन्होंने कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार, नेताओं की लूट के कारण 30-35 सालों से गरीबी में जी रहे हैं, जिनके बच्चे अनपढ़ रह गए, जिनके बच्चे मजदूर बन गए, अब सब जाग चुके हैं। सबने तय कर लिया है कि बिहार में शिक्षा और रोजगार के लिए नई व्यवस्था लानी है। इससे पहले प्रशांत किशोर ने बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की आलोचना की, उनकी राजनीतिक साख पर सवाल उठाया और दावा किया कि वह अपने पिता लालू प्रसाद यादव की बदौलत इस पद पर हैं। एएनआई के साथ एक विशेष साक्षात्कार में किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव के पास स्वतंत्र राजनीतिक पहचान और विश्वसनीयता का अभाव है। उन्होंने आगे जोर दिया कि अपने पिता के नाम के बिना तेजस्वी की कोई महत्वपूर्ण पहचान नहीं होगी। तेजस्वी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने पूछा, ₹तेजस्वी यादव लालू यादव के बेटे हैं। तेजस्वी जो कुछ भी हैं, वह लालू यादव की वजह से हैं। अगर लालू यादव का नाम नहीं है, तो आपके लिए उनकी पहचान क्या है ?₹ किशोर ने तर्क दिया कि तेजस्वी की स्थिति केवल उनके वंश की वजह से है, न कि उनकी उपलब्धियों या योग्यता की वजह से। उन्होंने बताया कि यादव समाज में कई ऐसे युवा नेता हैं जिनमें तेजस्वी से ज्यादा क्षमता है। उन्होंने कहा कि आपने कहा कि तेजस्वी यादव युवा नेता हैं। बहुत सारे युवा नेता हैं। यादव समाज में उनसे कहीं ज्यादा युवा नेता हैं। लेकिन जिस बुनियाद पर वे अब हैं, वह इसलिए नहीं है कि उन्होंने कुछ हासिल किया है। वे सिर्फ. इसलिए इस पद पर हैं क्योंकि वे लालू यादव के बेटे हैं। किशोर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की लोकप्रियता पिछले कुछ सालों में काफी कम हुई है।

# आजम खां अब अल्लाह भरोसे : अखिलेश यादव

एजेंसी

लखनऊ , सीतापुर जेल में बंद आजम खां की पत्नी तंजीन फातिमा के आरोपों पर अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सफाई दी। उन्होंने कहा, अब हम क्या कर सकते हैं। हमने आजम खान की हर संभव मदद करने कोशिश की। अब उनकी मदद अल्लाह, ईश्वर और अदालत ही कर सकती है। यही सच है।



अखिलेश ने आजम की मदद के तीन रास्ते भी गिनाए। पहला- जब सरकार बदलेगी, तभी उन्हें न्याय मिलेगा। आप सब मिलकर सरकार बदलें। दूसरा- अदालत है। उन्हें कोर्ट से इंसाफ मिल सकता है। आखिरी रास्ता- भगवान-अल्लाह मतलब ऊपर वाला है। अखिलेश यादव शुक्रवार की शाम लखनऊ के अहिमामऊ में पूर्व विधायक संतोष पांडेय के आवास पर थे। उन्होंने कहा, बीजेपी के पास हर क्षेत्र में स्लीपर सेल है। वह पीछे के दरवाजे से कुछ भी कर सकती है। बीजेपी की स्थापना के समय उसके संविधान में सोशलिस्ट और सेकुलर जैसे शब्द शामिल थे। स्थापना से जुड़े लोग इन शब्दों को अच्छी तरह जानते और समझते हैं। अगर आप मुंबई में हुए बीजेपी के पहले अधिवेशन के खर्च का पता लगाएंगे कि वो किसने उठाया था, तो 'सेकुलर' शब्द का सही अर्थ समझ में आ जाएगा।

सीएम से बेहतर जातीय संघर्ष को कोई नहीं समझ सकताअखिलेश ने इटावा कथावाचक पिटाई मामले को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। कहा, जातीय संघर्ष के बारे में हमारे मुख्यमंत्री जी से बेहतर कोई नहीं समझ सकता। वे बीजेपी के सदस्य सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए हैं, विचारधारा से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

### कोलकाता गैंगरेप पर ममता का बचाव किया

अखिलेश ने कोलकाता में लॉ कॉलेज की छात्रा से गैंगरेप पर ममता सरकार का बचाव किया है। लखनऊ में उन्होंने कहा, ममता बनर्जी और बंगाल के लोग भाजपा से सावधान रहें। अगर आप निष्पक्ष कार्रवाई भी करना चाहेंगी, तो भाजपा इस घटना से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने यूपी की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाया। कहा, यहां पुलिस भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' हाथ में लेकर काम कर रही है। कानून-व्यवस्था का राजनीतिकरण हो चुका है। अपराध और खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध में यूपी सबसे आगे है। यहां आए दिन रेप की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सरकार का ध्यान किसी और दिशा में है। यहां की सरकार कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सभी चीजों पर ध्यान दे रही है। महिलाओं की सुरक्षा का कोई ठोस इंतजाम नहीं है।

# एक देश आतंकवाद का जिक्र नहीं चाहता था... ..

एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने का समर्थन किया। इस कदम के पीछे के तर्क को स्पष्ट करते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक सदस्य देश संयुक्त बयान में आतंकवाद का कोई उल्लेख नहीं करना चाहता था, जबकि संगठन का गठन आतंकवाद से लड़ने के उद्देश्य से किया गया था। समाचार एजेंसी एएनआई ने जयशंकर के हवाले से कहा कि जब संगठन का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद से लड़ना है और आप इसका उल्लेख करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, तो उन्होंने (राजनाथ सिंह) इसे स्वीकार करने में अनिच्छा व्यक्त की। जयशंकर ने हालांकि उस देश का नाम नहीं बताया जो परिणाम वक्तव्य में आतंकवाद का उल्लेख नहीं चाहता था, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा, आप अनुमान लगा सकते हैं कि कौन सा देश है।


## पश्चिम रेलवे

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-19 | 09.07.2025 को 14.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-GMN-BS-71-25-1 (Misc-Static-Services Battery swapping stations) | गोरेगांव स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 09.07.25 14.30 hrs. |
| 2 | MSS-BCT-STC-BS-68-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | सांताक्रूज स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 09.07.25 14.40 hrs. |
| 3 | MSS-BCT-KILE-BS-72-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | कांदिवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 09.07.25 14.50 hrs. |
| 4 | MSS-BCT-BVI-BS-70-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | बोरीवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 09.07.25 15.00 hrs. |
| 5 | MSS-BCT-ADH-BS-67-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | अंधेरी स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 09.07.25 15.10 hrs. |
| 6 | MSS-BCT-VLP-BS-69-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | विलेपार्ले स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 09.07.25 15.20 hrs. |
| 7 | MSS-BCT-NVS-PrKiosk-50- 25-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk) | नवसारी स्टेशन (एनवीएस) पर 3 वर्षों की अवधि हेतु प्रमोशनल कियोस्क/ प्रॉडक्ट डिस्प्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 09.07.25 15.30 hrs. |
| 8 | MSS-BCT-DDR-BCA-52-25- 2 (Misc-Static-Services - Battery Operated Carts with Advertisement) | दादर (डीडीआर) स्टेशन पर बीओसी की बॉडी पर विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु अनुमति और संचालकों के साथ-साथ 02 (दो) बैटरी ऑपरेटेड कार्ट्स (बीओसी) की आपूर्ति, संचालन और अनुरक्षण के कार्य हेतु ई-नीलामी. | 1826 | 09.07.25 15.40 hrs. |
| 9 | MSS-BCT-CCG-MedStn-73- 25-1 (Misc-Static-Services - Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट (सीसीजी) रेलवे स्टेशन पर आपात चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 09.07.25 15.50 hrs. |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-20 | 10.07.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-NSP-OH-351-25- 1 (Advertising Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 600 वर्गफीट एरिया के (बुकिंग कार्यालय से संलग्न कतार क्षेत्र से सटे उत्तर पूर्व परिसंचरण क्षेत्र में 20'x10' आकार के 03 होर्डिंग्स) नये होर्डिंग के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 10.07.25 15.30 hrs. |
| 2 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-25- 1 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 1600 वर्गफीट एरिया के V-आकृति के 20'x20' (2) आकार के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स – नायगांव आरओबी में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 10.07.25 15.40 hrs. |
| 3 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-25-1 (Advertising Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 20'x20' (1) = 400 वर्गफीट एरिया के, गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिमोन्मुख, एसएसई (पी.वे) – बीवीआई के कम्पाउंड में बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 10.07.25 15.50 hrs. |
| 4 | ADVT-BCT-MEL-OSN-154- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मरीन लाइंस (एमईएल) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 10.07.25 16.00 hrs. |
| 5 | ADVT-BCT-NDB-OSN-417- 25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नंदूरबार (एनडीबी) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 10.07.25 16.10 hrs. |
| 6 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1 (Advertising - OnStation Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्ट्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 10.07.25 16.20 hrs. |
| 7 | ADVT-BCT-GMN-OSN-361-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु गोरेगांव (जीएमएन) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 10.07.25 16.30 hrs. |
| 8 | ADVT-BCT-MRU-OSN-358-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु माटुंगा रोड (एमआरयू) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 10.07.25 16.40 hrs. |
| 9 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिजेस और सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 10.07.25 16.50 hrs. |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है.

0328

Like us on : facebook.com/WesternRly | Follow us on : twitter.com/WesternRly

## संक्षेप

### एटीएम लूट करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के 5 आरोपी गिरफ्तार

**1.38 करोड़ की चोरी में थे शामिल, पैलानी में एटीएम लूटने का था प्लान**

बांदा,पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एटीएम तोड़कर करोड़ों की चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में की गई। आरोपियों को 26-27 जून की रात पैलानी थाना पुलिस को ग्राम नरी के पास कुछ संदिग्ध लोगों की मौजूदगी की सूचना मिली। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर पांचों आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से दो अवैध तमंचे ( 315 बोर), सात जिंदा कारतूस, एटीएम तोड़ने के उपकरण, एक स्विफ्ट डिजायर कार, 13,194 रुपए नकद बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित सिंह, विनय कुमार त्रिपाठी, अभाष शुक्ला, अंकित त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी शामिल हैं। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उक्त गिरोह ने मार्च-अप्रैल 2025 में कानपुर के किदवई नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम को तोड़कर 1.38 करोड़ रुपए की बड़ी चोरी की थी। इस मामले में कानपुर पुलिस पहले ही तीन अन्य आरोपियों को जेल भेज चुकी है।

### कूल-जनसेवा केंद्र से चोरी का आरोपी अरेस्ट

**सीसीटीवी तोड़कर खेल सामान चुराया, प्रिंटर और बैटरी भी बरामद**

बांदा, पुलिस ने तिंदवारी थाना क्षेत्र से चोरी के आरोपी विक्रम खंगार को हनुमान नगर तिराहे से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर की गई कार्रवाई में कई महीनों से फरार चल रहे आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी ने दिसंबर 2024 में एक जनसेवा केंद्र में चोरी की थी। इसके बाद 31 मार्च और 15 जून 2025 को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तिंदवारी को निशाना बनाया। स्कूल में चोरी के दौरान आरोपी ने सीसीटीवी कैमरे को नुकसान पहुंचाया और खेलकूद का सामान चुरा लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। इसमें एक बैटरी, एक प्रिंटर, तीन हॉकी, दो बैडमिंटन शटल, दो हॉकी बॉल, तीन वॉलीबॉल, दो फुटबॉल, दो हॉकी गोल नेट, दो बैडमिंटन नेट और दो बास्केटबॉल शामिल हैं।

### नेशनल हाइवे पर मिला युवक का शव

**घर से नौकरी के लिए निकला था, वाट्सएप से की गई पहचान**

अमरोहा, गजरौला थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। नेशनल हाईवे 9 पर बिजोरा गांव के पास अंडरपास पर एक व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान फतेहपुर बाटुपुरा गांव के 40 वर्षीय ऋषिपाल के रूप में हुई। वह मंगला उर्फ मंगल सिंह का पुत्र था। परिजनों ने बताया कि ऋषिपाल नौकरी की तलाश में घर से निकला था। गजरौला इंस्पेक्टर अखिलेश प्रधान के अनुसार, मृतक की पहचान वाट्सएप के माध्यम से की गई।

# श्रद्धा से निकली भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

## मंत्री नंदी और गौड़ ने की शुरूआत, हजारों श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का शुभारंभ परंपरागत उल्लास और धार्मिक धूमधाम के साथ हुआ। यात्रा की शुरूआत शहर के प्रमुख मंदिर से की गई, जहां विशेष पूजा-अर्चना के बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के रथ को भक्तों ने खींचकर रवाना किया। भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में पारंपरिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति के साथ शुरू हुई। इस पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और जय जगन्नाथ के नारों से शहर के वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा की शुरूआत शहर के श्री जगन्नाथ मंदिर से हुई, जहां उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी और पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेन्द्र सिंह गौड़ ने विधिवत पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। रथ में भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की प्रतिमाएं विराजमान थीं, जिन्हें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से खींचा।। इस अवसर पर मंत्री नंदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में देशभर में भगवान जगन्नाथ की यात्राएं निकाली जा रही हैं, जो सनातन संस्कृति और परंपरा को जोड़ने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा, २इस यात्रा से देश और समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है। मैं कामना करता हूं कि भगवान जगन्नाथ सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।२ रथ यात्रा श्री जगन्नाथ मंदिर से शुरू होकर चौक, सुलेम सराय, लोकनाथ, एमजी रोड, सुभाष चौक, अलोपीबाग और हर्षवर्धन चौराहा होते हुए पुनः मंदिर लौटेगी। पूरे मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने वैकल्पिक मार्ग तय किए हैं। यात्रा मार्ग में जगह-जगह भजन-कीर्तन, झांकियां, प्रसाद वितरण और पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। श्रद्धालु नंगे पांव चलकर रथ खींचने में गर्व महसूस कर रहे हैं। यह यात्रा न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का उत्सव भी है।

# परिवार को कमरे में बंद कर चोरी

## 50 हजार नकद और सोने के जेवर पार किए, बेटियों की शादी के लिए रखा था सामान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, घूर पुर इरादत गंज में चोरों ने एक परिवार को कमरे में बंद कर बड़ी चोरी को अंजाम दिया।

फुटवियर व्यापारी हिदायत उल्ला के घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना उस समय हुई जब परिवार सो रहा था। हिदायत उल्ला की बच्ची की नींद खुली और वह कमरे से बाहर जाने लगी।

उसने देखा कि दरवाजा बाहर से बंद था। बच्चों ने परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया। परिवार ने नीचे रहने वाले किरायेदार को फोन किया। किरायेदार ने आकर दरवाजा खोला। अलमारी टूटी मिली जब परिवार बाहर निकला तो कमरा अस्त-व्यस्त मिला। चोरों ने अलमारियां और सारा सामान खंगाल दिया था। चोरी में 15 सोने की अंगूठियां, 10 कान के आभूषण, 3 नेकलेस, 2 सोने के हार और 50 हजार रुपए नकद ले गए। पीड़ित ने यह सारा सामान अपनी बेटियों की शादी के लिए जमा किया था। परिवार ने तुरंत 112 पर सूचना दी। घूरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित परिवार ने थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



**हनुमानगढ़ी मंदिर से देवी पाटन तक निकली यात्रा, हजारों श्रद्धालु शामिल**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। हनुमानगढ़ी मंदिर से शुरू हुई यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। रथयात्रा का मार्ग अम्बेडकर तिराहा से होते हुए राजर्षि तिराहा तक पहुंचा। फिर गांधी चौक और सगरा तिराहा होते हुए देवी पाटन मंदिर पर समाप्त हुई। देवी पाटन मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में अधिक से अधिक श्रद्धालु शामिल हों, इसके लिए पिछले कई दिनों से अमेठी कस्बे में एनाउंसमेंट की गई। रथयात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ पीएसी के जवान भी तैनात रहे।

# 70 लाख का गांजा जब्त

## शादी के कार्ड के बीच छिपाया था 5 क्विंटल गांजा, 3 तस्कर गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, सुलतानपुर में लखनऊ एसटीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई में 70 लाख रुपये कीमत का 5 क्विंटल गांजा जब्त किया है। यह खेप कोतवाली देहात क्षेत्र में एक बंद कंटेनर से पकड़ी गई, जिसमें शादी के कार्ड के पेपर रोल के बीच गांजा छिपाकर ले जाया जा रहा था। फिलहाल, पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है।

गांजे से भरा कंटेनर उड़ीसा से बहराइच जा रहा था। एसटीएफ की टीम ने तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में हरियाणा के पलवल से नोमान, राजस्थान के भरतपुर से अकरम खान और गोंडा के फिरौरा झंझरी से रवि मिश्रा शामिल हैं। कंटेनर में 22 गत्ता शादी कार्ड पेपर रोल के बीच 13 बंडल में गांजा छिपाया गया था। एसआई अमित तिवारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में एसआई विद्या सागर की टीम शामिल थी। मामले की आगे की कार्रवाई के लिए देहात कोतवाल अखंड देव मिश्र को सौंप दिया गया है।

# करंट लगने से युवक की मौत



**टुल्लू मोटर से पानी निकालते समय हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, तिलोई विकास खंड के अहुरी ग्राम पंचायत में बीती रात एक दुखद घटना सामने आई। रात करीब 9 बजे राम सहाय मौर्य की करंट लगने से मौत हो गई। राम सहाय अपने घर में बन रहे शौचालय के गड्ढे से पानी निकालने के लिए टुल्लू मोटर चला रहे थे। इसी दौरान बिजली प्रवाहित तार या मोटर की बॉडी से उन्हें करंट लग गया। वह मौके पर झुलस कर बेसुध हो गए। परिजन तुरंत उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिलोई ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजे की मांग की है। जानकारी के अनुसार टुल्लू मोटर का वायरिंग सिस्टम पुराना और असुरक्षित था। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से गांवों में सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और आगे की कार्यवाही कर रही है।

# झांसा देकर 10 लाख की ठगी

## अमेठी में 8 लोगों से रुपये लेकर आरोपी फरार, पीड़ितों ने थाने में की शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, गौरीगंज थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। सीतारामपुर रहने वाले दो लोगो ने कई लोगों से पैसे ऐंठे हैं। मुख्य शिकायतकर्ता संजय प्रजापति ने बताया कि आरोपियों ने उनसे और उनकी पत्नी की नौकरी लगवाने के नाम पर 10 लाख रुपये लिए। इसी तरह दिनेश कुमार पांडेय, सचिन कुमार, अखिल कुमार, हर्षित सिंह, रोहित तिवारी, जितेंद्र पाल और विकास से भी पैसे लिए गए। जब पीड़ित संजय प्रजापति ने आरोपी से अपने पैसे वापस मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ितों ने गौरीगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में यह भी पता चला है कि मुख्य आरोपी अजय कुमार पाठक पहले भी कई लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठग चुका है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक की मीट फैक्ट्री में दो की मौत

## ब्लड टैंक साफ करने उतरे थे मजदूर; परिवार वाले बोले– ठेकेदार की लापरवाही से गई जान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, रोरावर थाना क्षेत्र में आगरा के पूर्व विधायक की मीट फैक्ट्री में दो मजदूरों की मौत हो गई। दोनों मजदूर फैक्ट्री के अंदर ब्लड टैंक साफ करने के लिए उतरे थे। इसी दौरान टैंक के अंदर गैस बन गई। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूर बेहोश होकर टैंक में ही गिर गए थे। इसके बाद ठेकेदार उन्हें लेकर मलखान सिंह जिला अस्पताल पहुंचा था। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद दोनों मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मजदूर की मौत की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। रोरावर थाना क्षेत्र के तलासपुर में आगरा के पूर्व विधायक जुल्फेकार अहमद भुट्टो की महा एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड नाम से मीट फैक्ट्री है। इसकी देखरेख उनके भाई हाजी गुलजार करते हैं। घटना गुरुवार दिन रात की बताई जा रही है। हर दिन की तरह ब्लड टैंक साफ करने के लिए दो मजदूर आसिफ व इमरान उसके अंदर उतरे थे और पानी भर रहे थे। वह टैंक के अंदर पानी भरकर इसकी सफाई कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक बेहोश हो गए इसके बाद पूरी फैक्ट्री में हड़कंप मच गया और अन्य मजदूर भी वहां पहुंच गए। मजदूरों की मौत देर रहती हो गई थी और डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। लेकिन परिवार के लोगों को सुबह 6 घटना की जानकारी दी गई। इसके बाद परिवार के लोग तत्काल जिला अस्पताल पहुंच गए। परिवार के लोगों ने फैक्ट्री के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस ने परिवार के लोगों को सख्त कार्यवाही का आश्वासन दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पूर्व विधायक की मीट फैक्ट्री में मजदूरों की मौत की सूचना मिलने पर एएसपी मयंक पाठक, सिटी मजिस्ट्रेट, रोरावर थाना प्रभारी शिव शंकर गुप्ता समिति अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए और मामले की जांच शुरू करी। पुलिस मौके पर मौजूद मजदूर और ठेकेदार से पूछताछ करने के बाद अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है। घटना में प्रबंधन और ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं। दम घुटने के कारण मजदूरों की मौत बताई जा रही है।

# प्रधान को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

## 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म का मामला, पाल समाज ने की निष्पक्ष जांच की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर,पाल समाज एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। आरोप है कि थाना सैनी क्षेत्र के ग्राम लोहदा में 27 मई को एक 8 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी के परिजनों ने थाने के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोग जातीय साजिश के तहत ग्राम प्रधान भूपनरायण पाल, विपिन पाल और अन्य लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। समिति ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। समिति का कहना है कि भूपनरायण पाल एक मेहनती और समाजसेवी जनप्रतिनिधि हैं। उन्हें कूटरचित आरोपों में फंसाया जा रहा है। राष्ट्रीय धनगर महासभा भी इस मामले में समिति के साथ खड़ी है। समिति ने मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। समिति ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच की अपील की है। समिति का कहना है कि ग्राम प्रधान भूपनारायण पाल, विपिन पाल और अन्य लोगों को झूठे मामले में फंसाया जा रहा है।

# राशन वितरण में घोटाला

## कोटेदार पर मुकदमा, 46 कुंतल खाद्यान्न गबन का आरोप, तहसील दिवस में महिला ने की थी शिकायत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, पीपरपुर थाना क्षेत्र के भादर ब्लॉक स्थित सरैया गांव में राशन वितरण में बड़ी अनियमितता सामने आई है। एक महिला ने तहसील दिवस में कोटेदार प्रदीप कुमार पर राशन कम देने की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पूर्ति निरीक्षक सुषमा सिंह के नेतृत्व में टीम ने गांव में जांच की। जांच में पाया गया कि कोटेदार ने 46 कुंतल खाद्यान्न का गबन किया है। उपभोक्ताओं को नियत मात्रा से कम राशन का वितरण किया गया था। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम संजय चौहान को सौंपी। रिपोर्ट के आधार पर डीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पूर्ति निरीक्षक सुषमा सिंह की तहरीर पर पीपरपुर थाने में कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक हत्या, कनपटी पर सटाकर मारी गोली

## पुरानी रंजिश में वारदात को दिया अंजाम, तीन आरोपी फरार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, जमुनापार स्थित तैयापुर गांव की शिवनगर कॉलोनी में एक दर्दनाक वारदात हुई। रमेश उर्फ पप्पू नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के समय रमेश अपने घर के पास खाली प्लॉट में चारपाई पर सो रहा था। इसी दौरान छोटू, महेश और आकाश नाम के तीन लोग तमंचा लेकर वहां पहुंचे। छोटू ने तमंचा निकालकर रमेश पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। गोली कनपटी पर सटा कर मारी हैं। जो गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की दौड़ दौड़े तो आरोपी भागते हुए भी दूसरी गोली मारकर फरार हो गए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। हमलावर लोगों को देखते ही फरार हो गए। परिजन घायल रमेश को तुरंत अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटे राहुल चौधरी ने बताया कि कुछ दिन पहले आरोपियों से झगड़ा हुआ था जिसमें राजीनामा भी हो गया था लेकिन वह लोग लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे थे जिसकी शिकायत उनके द्वारा स्थानीय थाने में अभी की गई थी लेकिन पुलिस के द्वारा कोई भी एक्शन नहीं लिया गया आज नतीजा निकला कि आप ए चारपाई पर सोते उनके पिता की गोली मार कर हत्या कर कर फरार हो गए।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी